तापमान
अधिकतम 28.9 डिग्री
न्यूनतम 24.3 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025

13 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए 24 एमएलडी...

14 24 घंटे में जारी कर दिए 40 हजार अभ्यर्थियों के परिणाम...


# रायपुर से मुंबई-हावड़ा के बीच दौड़ेगी अमृत भारत ट्रेन, वंदेभारत से रांची-जबलपुर पहुंचना होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भारतीय रेलवे अगले दो से तीन वर्षों में देशभर में 200 वंदेभारत ट्रेनें, 100 अमृत भारत ट्रेनें और 50 नमो भारत रैपिड रेल चलाने की योजना पर तेजी से काम कर रहा है। इस योजना की शुरुआत विभिन्न राज्यों में हो चुकी है और अब रायपुर समेत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यात्रियों को भी इस सुविधा का लाभ मिलने वाला है। रायपुर रेल मंडल ने वंदेभारत और अमृत भारत ट्रेनों को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। मंडल की ओर से रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है, जो ▶▶|शेष पेज 13 पर

## रायपुर रेल मंडल ने नई अमृत भारत ट्रेनें और वंदेभारत का प्रस्ताव बनाकर रेलवे बोर्ड को भेजा

### पूर्वोत्तर भारत तक पहुंचेगी अमृत भारत

मंडल के अधिकारी ने बताया कि अमृत भारत ट्रेनों के लिए रायपुर से मुंबई, हावड़ा और कामाख्या के लिए भी प्रस्ताव भेजा गया है। इनमें खास तौर पर कामाख्या रूट पूर्वोत्तर भारत को जोड़ता है, जहां यात्रियों की संख्या अधिक होती है। इन रूटों पर अमृत भारत ट्रेनें शुरू होने से लंबी दूरी के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और यात्रा अधिक आरामदायक होगी। रेलवे की इस योजना से न केवल यात्रियों की यात्रा सुखद और सुविधाजनक बनेगी, बल्कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी और रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

- दोनों ट्रेनों की रैक तैयार होने के बाद यात्रियों को मिलेगी सुविधा
- यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए रेल मंडल ने शुरू की एडवांस तैयारी



### प्रस्ताव भेज दिया गया है

नई अमृत भारत और वंदे भारत ट्रेनों को लेकर प्रस्ताव तैयार कर रेल मंत्रालय को भेज दिया गया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने और रैक उपलब्ध होने के बाद यात्रियों को ये सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी।

- अवधेश कुमार त्रिवेदी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक

### अभी तैयार नहीं हुए हैं रैक

रेलवे देश के सभी लंबे रूटों पर आधुनिक वंदेभारत और अमृत भारत ट्रेनें चलाने की योजना पर कार्य कर रहा है। वर्तमान में रायपुर से नागपुर और विशाखापट्टनम के लिए वंदेभारत ट्रेन की सुविधा उपलब्ध है। योजना के तहत अमृत भारत ट्रेनें उन रूटों पर चलाई जाएंगी, जिनका सफर एक दिन से अधिक का होगा, जबकि वंदेभारत ट्रेनें ऐसे रूट के लिए प्रस्तावित हैं, जिन्हें एक दिन में तय किया जा सके। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, सभी रेलवे बोर्ड से यह जानकारी मांगी गई थी कि किन-किन रूटों पर इन आधुनिक ट्रेनों की आवश्यकता है। रायपुर रेल मंडल ने ऐसे रूटों को प्रस्ताव में शामिल किया है, जहां यात्रियों की आवाजाही अधिक है और रेलवे को आर्थिक लाभ भी मिल सकता है। हालांकि फिलहाल इन ट्रेनों के लिए रैक (कोच सेट) तैयार नहीं हुए हैं। जैसे-जैसे रैक तैयार होंगे, रेलवे बोर्ड इन ट्रेनों की सुविधा चरणबद्ध रूप से राज्यों को देना शुरू करेगा।

निगम ने सीमेंट पोल की चारदीवारी बनाकर नोटिस लगाया

# गॉस मेमोरियल की 6 एकड़ बेशकीमती जमीन को प्रशासन ने कब्जे में लिया, पोल से घेरा इलाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी के सिविल लाइन इलाके में राजभवन के पास पांच दशक पुरानी गॉस मेमोरियल मैदान, बाबर बंगला सहित 6 एकड़ जमीन को जिला प्रशासन ने सोमवार को अपने कब्जे में ले लिया। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 4 कमिश्नरी ने स्थल पर पहुंचकर जमीन को कब्जे में लेने की कार्रवाई की। निगम अमले ने वहां सीमेंट पोल से चारदीवारी बनाकर नोटिस भी लगा दिया। यह जमीन यूनाईटेड चर्च नार्थ इंडिया ट्रस्ट एसोसियेशन से राज्य सरकार को निहित हो गयी है। हिन्दू स्वाभिमान संगठन ने शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित इस बेशकीमती जमीन को नए सिरे से डेवलप करने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। इसमें शासकीय भूमि को आक्सीजोन के साथ खेल मैदान, ओपन एयर थियेटर, बच्चों का खेल क्षेत्र, जिम एवं फूड कोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं शहरवासियों को उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

दरअसल, राजस्व न्यायालय के फैसले के बाद जिला प्रशासन ने सिविल लाइन इलाके की गॉस मेमोरियल मैदान को अपने कब्जे में ले लिया है, साथ ही बाबर बंगला सहित आसपास की 6 एकड़ जमीन को अपने कब्जे में ले ली है। जमीन की लीज खत्म होने के बाद भी सीएनआई के कब्जे में था। इसे 1922 में सीएनआई ट्रस्ट को लीज पर दिया गया था। लीज अवधि 2022 को खत्म हो गयी थी। इस जमीन में गॉस मेमोरियल मैदान के ▶▶|शेष पेज 13 पर




5 दशक पुरानी गॉस मेमोरियल वाली 250 करोड़ की जमीन कब्जा मुक्त

- बाबर बंगला और आकाशवाणी के सामने गॉस मेमोरियल की जमीन कब्जे में लिया
- लीज खत्म होने के बाद भी सीएनआई का कब्जा रहा



### सीमांकन कराकर सुरक्षित किया है

गॉस मेमोरियल खेल मैदान सहित आसपास की 6 एकड़ जमीन का एसडीएम की मौजूदगी में सीमांकन कराकर सुरक्षित किया गया है। शासन के निर्देश अनुसार इस पर डेवलपमेंट के लिए नए सिरे से प्लान किया जाएगा।

- विश्वदीप, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

### 30 किराएदार को खाली कराने की जगह 6 को नोटिस की खानापूर्ति

गॉस मेमोरियल से लगी जमीन पर करीब 30 किराएदारों को खाली कराने की मांग विश्व हिन्दू परिषद के घनश्याम चौधरी और बजरंग दल के रवि वाधानी ने निगम के अधिकारियों से की है। उनका कहना है कि नगर निगम ने महज 6 किराएदारों को जगह खाली करने का नोटिस देकर महज खानापूर्ति की है, जबकि संबंधित जमीन पर 30 किराएदारों को नोटिस देकर खाली कराने की जरूरत है। जिला प्रशासन के आदेश पर पूरी 6 एकड़ जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाये।

### कब्जे वाली जमीन में सीमेंट के पोल लगाकर चारदीवारी

नगर निगम

जोन 4 कमिश्नरी क्षेत्र स्थित गॉस मेमोरियल मैदान, बाबर बंगला सहित अन्य जमीन को जिला प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया है। जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव की टीम ने स्थल पर पहुंचकर संबंधित जमीन को सुरक्षित करने सीमेंट के पोल लगाकर बाउंड्री बनाने का काम शुरू कराया, साथ ही नोटिस भी लगा दिया गया है।

# ठगी की रकम ट्रांसफर कराने बना डाली 40 से अधिक फर्जी कंपनियां वृद्धा को फांसा, वसूले पौने तीन करोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाल के दिनों में निजी कंपनी से सीईओ पद से सेवानिवृत्त हुई बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 2 करोड़ 88 लाख रुपए ठगी करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को रेंज साइबर, क्राइम ब्रांच तथा विधानसभा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने उत्तरप्रदेश में पकड़ा। यहां यह बताना लाजिमी है कि इनके तीन साथी पंडरी थाना क्षेत्र में बुजुर्ग से 58 लाख रुपए ठगी के आरोप में पहले ही पकड़े जा चुके हैं और अभी जेल में हैं। ठगी में शामिल अन्य जालसाजों की पुलिस पतासाजी कर रही है।

- यूपी का गिरोह फूटा डिजिटल अरेस्ट कर जालसाजी, तीन पहले से जेल में

इन आरोपियों ने आमासिवनी निवासी सोनिया हंसपाल को निशाना बनाया था। ठगों ने उन्हें सुनियोजित तरीके से फांसा ▶▶|शेष पेज 13 पर

### महिला को ऐसे बनाया ठगी का शिकार

शेर बहादुर ने बुजुर्ग महिला के पास 21 मई को कॉल कर अपना परिचय दिल्ली साइबर विंग के अफसर के रूप में दिया। इसके बाद उसने महिला को उनके बैंक अकाउंट में मनी लांड्रिग लेन-देन होने की रिपोर्ट दर्ज होने का झांसा दिया। महिला को झांसे में लेने के बाद उन्हें लगातार वाट्सएप वीडियो कॉल से जुड़े रहने दबाव बनाकर डिजिटल अरेस्ट किया। इस तरह से जालसाज महिला को 10 जुलाई तक अलग-अलग तिथियों में डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ 88 लाख रुपए ट्रांसफर कराए। महिला को पूरी तरह से ठगने के बाद जालसाज ने वाट्सएप मैसेज कर महिला को ठगी होने की जानकारी दी।

### बुजुर्गों को ही निशाना बनाते थे

पुलिस के अनुसार ठगी करने शेर बहादुर चोरी का डेटा कलेक्शन करता था। चोरी के डेटा में शेर बहादुर बुजुर्गों की तलाश करता था। इसके बाद वह बुजुर्गों को कॉल कर झांसे में लेकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बनाता था। ठगी में इस्तेमाल मोबाइल के सिम, बैंक अकाउंट उत्तरप्रदेश का होना पाया गया।

### 40 से ज्यादा फर्जी कंपनी

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी प्रोफेसनल जालसाज हैं। जिन जालसाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वे सभी उत्तरप्रदेश में ठगी के फरार आरोपी हैं, जिनकी उत्तरप्रदेश पुलिस को तलाश है। पुलिस के अनुसार जालसाजों ने जालसाजी की रकम ट्रांसफर करने 40 से अधिक फर्जी कंपनियां बनाई हैं।

2011 में संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## खबर संक्षेप



### देह व्यापार के आरोप में युवक-युवती गिरफ्तार

रायपुर। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में पिछले दिनों देह व्यापार करने के आरोप में पुलिस ने जिस युवक, युवती को गिरफ्तार किया था। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बोरियाकला के रहने वाले एक युवक तथा युवती को गिरफ्तार किया है। देह व्यापार के आरोप में पुलिस ने भूपेंद्र उर्फ गोपालू तथा एक युवती को गिरफ्तार किया है। इन लोगों द्वारा मकान किराए पर लेकर युवतियों को बुलाकर देह व्यापार कराने का आरोप है।

# डूमरतराई थोक बाजार पर दोहरी मार, कम हो गया रोज चार करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश के सबसे बड़े थोक बाजार डूमरतराई पर भी मानसून के साथ ई-कॉमर्स कंपनियों की दोहरी मार पड़ रही है। इस बाजार में रोज का 10 से 12 करोड़ का कारोबार होता है, लेकिन मानसून और ई-कॉमर्स कंपनियों के कारण डूमरतराई में रोज करीब चार करोड़ का कारोबार कम हो गया है। आने वाले समय में अगर बारिश और ज्यादा होती है तथा रास्ते बंद होते हैं, तो कारोबार 50 फीसदी तक प्रभावित हो सकता है। अभी 30 फीसदी के आसपास कारोबार प्रभावित हो रहा है।

- मानसून के साथ ही ई-कॉमर्स कंपनी के कारण भी कारोबार घटा

डूमरतराई थोक बाजार से जहां राजधानी के सभी बाजारों और पूरे शहर की किराना दुकानों में थोक सामान की सप्लाई होती है, वहीं प्रदेश के ज्यादातर शहरों में भी यहां से सामान जाता है। ▶▶|शेष पेज 13 पर



### मंदी का दौर

कारोबारियों के मुताबिक इस समय मंदी का बड़ा दौर चल रहा है। एक तो मानसून के कारण वैसे ही कारोबार कम हो जाता है, उपर से मंदी भी चल रही है। चिल्हर कारोबारियों के यहां ग्राहक कम आ रहे हैं। इसकी वजह से थोक कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। बारिश में सामानों के खराब होने के खतरे के कारण ग्राहक कम सामान की खरीदारी कर रहे हैं। जो ग्राहक एक माह का सामान ले जाते हैं वो 15 दिनों का ही ले रहे हैं। इसी तरह से जो 15 दिनों का सामान लेते हैं तो एक सप्ताह का ही सामान खरीद रहे हैं।

### 30 फीसदी कारोबार घटा

मानसून के साथ ही ई-कॉमर्स कंपनियों के कारण डूमरतराई थोक बाजार में करीब 30 फीसदी कारोबार कम हो गया है।

- प्रेम पाहुजा, अध्यक्ष, डूमरतराई थोक बाजार

### ऑनलाइन की बड़ी मार

कारोबारियों के मुताबिक मानसून के कारण कारोबार 15 से 20 फीसदी ही प्रभावित होता है, लेकिन ई-कॉमर्स कंपनियों के कारण कारोबार ज्यादा प्रभावित हो रहा है। ग्राहकों को घर बैठे-बैठे किराना का हर सामान मिल जा रहा है। ऐसा होने से जब ग्राहक अपने घरों के आस-पास के किराना दुकानों में नहीं जा रहे हैं तो किराना दुकान वाले थोक बाजार में भी कम खरीदारी कर रहे हैं। ऑनलाइन कारोबार के कारण भी 15 फीसदी तक कारोबार प्रभावित हो रहा है।

# पुराना सिस्टम समाप्त हुआ, नए के लिए करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भारी बारिश का कारण बनने वाला पुराना सिस्टम आगे बढ़कर कमजोर हो गया है। प्रदेश में जोरदार बारिश के लिए नये सिस्टम के तैयार होने तक इंतजार करना पड़ेगा। अभी प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। राजधानी में सोमवार को गहरे काले बादल छाए रहे, मगर बारिश कहीं नहीं हुई। राजधानी के ऊपर मौजूद बादलों को देखकर इसके भारी रूप से बरसने का अनुमान लगाया जाता रहा, मगर ऐसा नहीं हुआ। इसके प्रभाव से शहर का अधिकतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस में सिमटा रहा। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश के किसी भी इलाके में भारी बारिश वाली स्थिति नहीं बनी। राज्य में सर्वाधिक वर्षा रघुनाथ नगर में 3 सेमी. दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि राज्य में अभी कुछ दिनों तक भारी बारिश की संभावना कम है। वर्तमान में मानसून द्रोणिका गंगानगर से उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक मौजूद है, मगर बारिश का माहौल बनाने वाला कोई नया सिस्टम यहां मौजूद नहीं है। बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम अब अगस्त में ही बनने की गुंजाइश है। जुलाई में हुई जोरदार बारिश से प्रदेश में महीने का कोटा पूरा हो चुका है।

- हल्की बारिश की संभावना बनी हुई

# पीएससी को नहीं पता भाववाचक संज्ञा और प्रश्नवाचक सर्वनाम, सरहुल की भी जानकारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

भाववाचक संज्ञा और प्रश्नवाचक सर्वनाम संबंधित सवालों सहित सरहुल, नगर निगम परिषद और एप्टिट्यूड संबंधित सवाल के सही विकल्प अभ्यर्थियों को नहीं दिए जाने के कारण पीएससी को प्रश्न विलोपित करने पड़े हैं। मामला लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उद्योग सहायक संचालक भर्ती परीक्षा का है। सोमवार को इसके अंतिम उत्तर जारी कर दिए गए।

पीएससी ने इस भर्ती परीक्षा में पूछे गए सवालों में से पांच सवालों को मॉडल आंसर पर मिले दावा आपत्तियों के बाद किया गया है। पीएससी के मुताबिक, विलोपित किए गए सवालों के बाद अब संशोधित मॉडल आंसर के आधार पर मूल्यांकन की कार्यवाही की जाएगी। मूल्यांकन पश्चात अंतिम परिणाम घोषित किए जाएंगे। गौरतलब है कि पीएससी द्वारा यह भर्ती परीक्षा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के रिक्त पदों के लिए आयोजित की गई थी। 30 पदों ▶▶|शेष पेज 13 पर

## उद्योग सहायक संचालक भर्ती परीक्षा पीएससी ने विलोपित किए पांच प्रश्न



### प्रयोगशाला परिचारक के प्रवेशपत्र जारी

प्रयोगशाला परिचारक के पदों पर होने वाली भर्ती परीक्षा के लिए व्यापम ने प्रवेशपत्र जारी कर दिए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। 3 अगस्त को होने वाली इस भर्ती परीक्षा के लिए व्यापम ने परीक्षार्थियों को नए नियमों के मुताबिक आधी बांह और हल्के रंग के कपड़े तथा तय समय पर उपस्थित होने कहा है। नए नियमों का जिक्र प्रवेशपत्र में विशेष रूप से किया जा रहा है, ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा दिवस में कठिनाई का सामना ना करना पड़े।

### विलोपित सवाल

- उरांव जनजाति के प्रमुख पर्व सरहुल का संबंध किस वृक्ष से है?
- छग में नगर निगम परिषद को पद पदमुक्त करने का अधिकार किसे है?
- ए, बी और सी बहनें हैं। डी, ई का भाई है और ई, बी की बेटी है। ए का डी से क्या संबंध है?
- काकट, वइसन, कोन, काबर में से कौन सा शब्द प्रश्नवाचक सर्वनाम नहीं है?
- लईकाई, उत्ती, मोटई, सियान में से कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?

### मिश्रित कारण

पीएससी कोचिंग विशेषज्ञ अंकित अग्रवाल के अनुसार, प्रश्नों को विलोपित किए जाने के मिश्रित कारण हैं। किसी प्रश्न में एक भी विकल्प सही नहीं है, तो किसी प्रश्न के एक से अधिक सही विकल्प हैं। इसके अतिरिक्त प्रश्नों में ही गड़बड़ी और वर्तनी में त्रुटि भी इनके विलोपन का कारण बने।

# बाइक सहित नाले में बहा मामा, भांजा ने तैरकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र के उरकुरा में सोमवार तड़के एक युवक बाइक सहित नाले में बह गया। बाइक में पीछे बैठा युवक के भांजा ने तैरकर अपनी जान बचाई और घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर नाले में बहे युवक की तलाश कर रही है, लेकिन अब तक युवक का पता नहीं चला है। एसडीआरएफ की टीम ने नाले से बाइक बरामद कर बाहर निकाल ली है। पुलिस के अनुसार नाले में बहे युवक का नाम बलौदाबाजार, गिरौद निवासी दिलीप कुमार निर्मलकर (35) है। वह रविवार को किसी सामाजिक कार्यक्रम में ▶▶|शेष पेज 13 पर



## पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### सुदर्शन जन सेवा समिति ने किया प्रसादी वितरण

**आरंग।** श्री सुदर्शन जन सेवा समिति आरंग के तत्वाधान में तृतीय सोमवार को पंचमुखी महादेव मंदिर परिसर में प्रसादी पोहा और नमकीन वितरण किया गया। समिति विभिन्न प्रकार के सेवा प्रकल्प के कार्य समय-समय पर आरंग नगर में कार्य करती रहती है। इस दौरान विजय अग्रवाल, राजेश साहू, तेजराम जलछत्री, बृजेश सोनी, राम मिर्धा, गीतांशु साहू, ओकेश नवरंगे, मुकेश साहू, मुरारी लोधी, तुला राम साहू आदि उपस्थित थे।

### मां को पुत्रियों ने दिया कांधा और दी मुखाग्नि



**तिल्दा नेवरा।** पुरानी बस्ती तिल्दा वार्ड 19 निवासी श्रीमती कुसुम वर्मा (45) का निधन हो गया। वे नरेंद्र वर्मा की धर्मपत्नी, डॉ रेखराम वर्मा की भाई बहू, दिलीप वर्मा की भाभी, डॉ. घनश्याम वर्मा, सुभाष वर्मा की चाची थी। अंतिम यात्रा सोमवार सुबह 11 बजे निवास स्थान से निकाली गई। जहां बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित हुए। वहीं नरेंद्र वर्मा की दो सुपुत्रियां कुमारी दीप्ति एवं कुमारी श्रेया वर्मा ने अंतिम यात्रा में शव को कंधा दिया और छोटी लड़की श्रेया द्वारा अपनी मां को मुखाग्नि भी दी गई। इसकी सर्वत्र प्रशंसा भी की गई।

### युवासेना के रायपुर जिला सचिव बने चंदन सोनी

**आरंग।** शिवसेना रायपुर द्वारा प्रदेश कार्यालय में बैठक रखा गया, जिसमें शिवसेना के युवा इकाई युवासेना का विस्तार करते हुए चंदन सोनी को युवा सेना रायपुर जिला सचिव बनाया गया। चन्दन सोनी ने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार एवं प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया।



### लोकगायक भगवती किया गया सम्मान

**धरसींवां।** छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन सम्राट एवं लोक गायक भगवती प्रसाद साहू जो कि नगर पंचायत कुंरा वार्ड क्र 07 थाना धरसींवां जिला रायपुर के निवासी है उसे डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम की सुनहरी यादें कार्यक्रम समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ जालमपुर धमतरी में प्रांतीय अध्यक्ष जी आर बंजारे द्वारा सम्मानित किया गया । यह हमारे नगर पंचायत एवं धरसीवा क्षेत्र नगर वासियों के लिए गौरव की बात है जिसके लिए भगवती साहू जी को नगर के कूंरा सहित आस पास के प्रशंसकों ने बधाई दिया है।

### मनवा कुर्मी समाज ने बघेल की जयंती मनाई

**सिलयारी।** राज हर साल की भांति पुरखा के सुरता के रूप मे डॉ खूबचंद बघेल की जयंती तैल चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया।राजप्रधान नीलमणी परगनिहा जी ने डॉ खूबचंद बघेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज और राजनीती के आलावा व्यक्तित्व विकास पर संघर्ष की बात कही समाज के पूर्व केंद्रीय महामंत्री, पूर्व राजप्रधान रूद्र वर्मा ने डॉ खूबचंद बघेल की जयंती पर प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्न देखने की बात कही ततपश्चात मासिक प्रकरण बैठक की कार्यवाही राजमंत्री धर्मेंद्र वर्मा ने प्राप्त आवेदन पर क्रमशः आवेदक अनावेदक गवाहो की बयान से आचार संहिता के तहत पारदर्शिता से सुनवाई की गई। वहीं वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया इस कार्यक्रम मे महिला कार्यकारिणी युवा कार्यकारिणी समाजिक पदाधिकारी व समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

**पर्व : श्रीकुमारेश्वर, भुवनेश्वर, मोक्षेश्वर, जोबेश्वर, ज्ञानेश्वर व पंचमुखी महादेव का जलाभिषेक**

# सोमवार को शिवमय हुआ अंचल एवं हाईवे पर कांवड़ियों का रेला, गूंजा हर हर महादेव



**आरंग।** श्रावण के तीसरे सोमवार को भी शिवमय रहा शिवालयों की नगरी आरंग। शिवालयों में जगह-जगह जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रूद्राभिषेक किया गया। प्रातः से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं स्वयंसेवी संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने कांवर यात्रा निकालकर नगर के शिवालयों में दस नदियों के जल से शिवलिंगों का अभिषेक किया और नगर व क्षेत्र वासियों के लिए मंगल कामना किए। साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं को शमी का पौधा भी वितरण किया। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया जलाभिषेक के लिए गंगोत्री, यमनोत्री, सरस्वती, त्रिवेणी संगम प्रयागराज, उत्तर वाहिनी गंगा, सुल्तानगंज, गरुड़ गंगा, अलकनंदा नदी, हरकी पौड़ी हरिद्वार और छत्तीसगढ़ की जीवन दायिनी महानदी का जल एकत्रित कर शिवालयों का अभिषेक किया गया। फाउंडेशन द्वारा इस बार लगातार तीसरा वर्ष कांवर यात्रा निकाला गया। यात्रा का शुभारंभ व समापन बस स्टैंड मोरध्वज की प्रतिमा समीप से किया गया। कुमारेश्वर, भुवनेश्वर, मोक्षेश्वर, जोबेश्वर, पंचमुखी महादेव, ज्ञानेश्वर, राजराजेश्वर, सिद्ध शक्तिपीठ बागेश्वर नाथ महादेव, त्रिलोकी महादेव, भुरेश्वर, झंझनेश्वर, वटेश्वर, जागेश्वर व उमा-माहेश्वर महादेव सहित अन्य शिवलिंगों में भी जलाभिषेक करते हुए कांवर यात्रा का समापन किया गया। वहीं कांवर यात्रा में प्रमुख रूप से दूजेराम धीवर, महेन्द्र कुमार पटेल, कोमल लाखोटी, खिलेश देवांगन, अजय देवांगन, अभिमन्यु साहू, संजय मेश्राम, ब्रजेश अग्रवाल, संतोष साहू, प्रतीक टोंड्रे, होरीलाल पटेल, राहुल पटेल, रानी पद्मावती महिला संगठन से पुष्पांजलि मोहंती ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए नगर व क्षेत्र वासियों की सुख-समृद्धि की कामना किए।

## सावन सोमवार को हर हर महादेवजी की मची धूम



**तरपोंगी।** सावन माह के तीसरे सोमवार को क्षेत्र का वातावरण शिवमय रहा।पुरे क्षेत्र में बोल बम हर हर महादेव की जयकारा गूंजता रहा।जगह जगह धार्मिक अनुष्ठान के कार्यक्रम हुए।खारून नदी एवं शिवनाथ नदी के पवित्र संगम स्थल सोमनाथ धाम (लखना) में श्रद्धालुओ का ताता लगा रहा।हजारो की संख्या में श्रद्धालुओ ने संगम में डुबकी लगाकर भू फोड़ शिवलिंग का दर्शन एवं अभिषेक किया। तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओ का उत्साह चरम पर रहा। हजारो की संख्या में विभिन्न स्थानों से कांवरियों का दल सोमनाथ (लखना) पहुँच कर अपनी मन्नते पूरी की। दूर दराज से आने वाला कांवरिया रविवार को ही सोमनाथ पहुचने लगे थे।आज सुबह खारून नदी एवं शिवनाथ नदी के पवित्र संगम स्थल पर श्रद्धालुओ का भारी भीड़ रहा।भू फोड़ शिवलिंग का दर्शन एवं अभिषेक करने शिव भक्तो कावरियों की लंबी कतारे लगी रही।

## रुद्राभिषेक करके महाकाल ग्रुप ने महाप्रसादी का किया वितरण



**आरंग।** शिवालयों की नगरी के नाम से सुविख्यात नगर आरंग के महाकाल ग्रुप ने सावन के तृतीय सोमवार के अवसर पर अर्धनारेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक और महामाया मंदिर के सामने मेन रोड में पंडाल लगाकार महाप्रसादी वितरण किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान कुमारेश्वर नाथ बाबा जी का प्रसाद प्राप्त किए। वहीं प्रसाद वितरण में प्रमुख ध्रुव कुमार मिर्धा अध्यक्ष चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड, संदीप जैन नगर पालिका अध्यक्ष से महाकाल महिला ग्रुप के अध्यक्ष डॉली विश्वकर्मा, अविनाश साहू, महेंद्र सिंह ठाकुर, दीपक देवांगन, राहुल गोस्वामी, मोनू साहू, राजेश खेलवार, भोला साहू, गणेश मानिकपुरी, सोमनाथ साहू, लखन साहू, किशन साहू, बब्लू साहू, महेन्द्र यादव, कपिल यादव, गणेश दास मानिकपुरी, कुशाल यादव, कुशाल धुरंधर, नरेंद्र धुरंधर, कोमल साहू, दीपक जांगडे सहित महाकाल ग्रुप सदस्यों ने अहम भूमिका रही।

## मंदिरों में शिवजी का किया गया अलौकिक श्रृंगार, श्रद्धालुओं ने लिया दर्शनलाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



श्रावण मास का तीसरा सोमवार छत्तीसगढ़ में आस्था और भक्ति के अद्भुत संगम का साक्षी बना, जब आँचल में भगवान शिव की महिमा का बखान होता दिखा। एक ओर जहां हजारों शिव भक्तों और कांवड़ियों का विशाल सैलाब 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ नेशनल हाईवे पर उमड़ पड़ा, जिनका पावन गंतव्य धरसींवा से मात्र 25 किलोमीटर दूर स्थित सोमनाथ मंदिर था, वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता नितिन अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने झारखंड स्थित पावन बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा कर प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि के लिए विशेष आराधना की। नेशनल हाईवे पर रविवार रात्रि व सोमवार सुबह से ही भक्तिमय नजारा देखने को मिला। धरसींवा अंचल से निकला कांवड़ियों का जत्था, केसरिया वस्त्र धारण किए, कंधे पर कांवर लिए, उत्साह और श्रद्धा से लबरेज होकर आगे बढ़ रहा था। इन शिव भक्तों का लक्ष्य धरसींवा से निकटवर्ती सोमनाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करना था। हाईवे पर लगातार गूंजते 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। यह दृश्य केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि सामूहिक आस्था और लोक भक्ति का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा था।

## सोमनाथ के लिए कांवड़िए रवाना



**अभनपुर।** बोल बम युवा समिति के शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा ग्राम भुरकुनी से सोमनाथ मंदिर के लिए रवाना हुई।

## पीपलेश्वर महादेव मंदिर में रामकथा का आयोजन



आरंग। सावन महीने के तीसरे सोमवार को राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक मानस संगठन एवं मंदिर पूजारी शत्रुघ्न प्रसाद लोधी के सौजन्य से जय छत्तीसगढ़ मानस मंडली कलई का पीपलेश्वर पंचमुखी महादेव मंदिर आरंग में भक्तिमय रामकथा की प्रस्तुति हुई। जिसमें दर्शनार्थी श्रद्धालु भक्तों क आए हुए कांवड़ियों का मानस संगठन आरंग के द्वारा चंदन बन्दन से स्वागत किया गया। राजा मोरध्वज मानस संगठन के पदाधिकारी सदस्यगणों में उपेंद्र साहू, विनोद गुप्ता, मनहरण वर्मा, मानस लोधी, लाला लोधी, अवध विश्वकर्मा, ओंकार विश्वकर्मा, प्रेम वर्मा, कामता पाल, नारायण पाल, मनमोहन गुप्ता, निकेश निषाद, सत्यम झा, सीताराम यादव, गैंदलाल धीवर, हीरालाल साहू, भुवन साहू, अशोक साहू, रेखु लोधी, दीप लोधी, जितेंद्र लोधी, मदनमोहन सोनकर, लक्ष्मीनाथ साहू, देवशरण साहू, पुराणिक हिरवानी, मनहरण साहू, बाहरु सिन्हा, मनहरण वर्मा, टोकेश साहू ने पीपलेश्वर भोलेनाथ पर जलाभिषेक के साथ बेल पत्र और सफेद वस्त्र अर्पित कर संसार के सभी जीव प्राणियों पर दया दृष्टि एवं कल्याण की कामना की। मानस मंडली कलई के गायन और तबला वादक टेमन यादव, ऑर्गन खोमन साहू, टीकाकार उदयराम साहू, पैड वादक मन्नूलाल निषाद इन कलाकारों के साथ आरंग मानस संगठन ने सामूहिक पीपलेश्वर भोलेनाथ पंचमुखी महादेव मंदिर प्रांगण में रामायण का पाठ किया।

## कांवड़ियों को नगर प्रवेश पर पुष्पवर्षा करके किया स्वागत



**आरंग।** सावन माह के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रा की आस्था और श्रद्धा से सराबोर दृश्य उस समय देखने को मिला जब सैकड़ों की संख्या में कांवड़िए पवित्र जल लेकर आरंग स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर पहुँचे। शिवभक्तों के स्वागत में जनपद पंचायत आरंग के जनपद सदस्य प्रीतम साहू ने परंपरागत भाव से कांवड़ियों के पाँव धोकर उन्हें सम्मानित किया। इस भावुक और भक्तिभाव से ओतप्रोत दृश्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने विभिन्न गांवों से पैदल यात्रा करते हुए महानदी से जल भरकर पंचमुखी महादेव तक की लंबी दूरी तय की। आरंग नगर की सीमाओं में प्रवेश करते ही कांवड़ियों का ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में जलाभिषेक के पूर्व सामूहिक शिव आराधना, भजन कीर्तन और शांति के लिए प्रार्थना की गई। आरंग का पंचमुखी महादेव मंदिर इस अवसर पर शिवभक्तों से खचाखच भरा रहा, जहाँ /"हर हर महादेव/" और बोल बम के नारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस धार्मिक आयोजन के सफल संचालन में प्रीतम साहू के साथ स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता, मंदिर समिति और ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका रही। मंदिर प्रांगण में शिवभक्तों के लिए जलपान, स्वास्थ्य सहायता, छाया और विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई थी। यह आयोजन न केवल धार्मिक भावना की अभिव्यक्ति था, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा भी बनी कि कैसे सेवा और श्रद्धा से जनप्रतिनिधि जन-जन के मन में स्थान बनाते हैं।

## सावन उत्सव में महिलाओं ने मां सरस्वती की पूजा की



**आरंग।** अटल विहार कालोनी में मातृशक्ति द्वारा कालोनी के रंगमंच गार्डन में सावन उत्सव हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की सामूहिक पूजा आरती कर किया गया। पदाधिकारियों की पारम्परिक स्वागत के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सावन उत्सव में सभी महिलाएं फ्लोरल साड़ी व हरी चूड़ियां पहनकर तथा मेंहदी लगाकर शामिल हुई थीं। सावन उत्सव में महिलाओं के लिए अनेक आयोजन किये गये थे, जिसमें मनोरंजन गेम तथा सुंदर नृत्य के साथ साथ सावन पर आधारित गीत भी गाएं। लीना साहू सावन क्वीन चुनी गईं। कार्यक्रम के समापन में नारी शक्ति के अध्यक्ष तृप्ति शर्मा ने कालोनी में लगभग 80% कर्मचारी की निवासरत की चर्चा करते हुए सावन उत्सव के महत्व का उल्लेख किया तथा वंदना विश्वकर्मा ने नारी शक्ति की महत्व को समझाया एवं कालोनी में शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील करते हुए हर परिस्थिति में हम सब नारी शक्ति एक हैं की संदेश दिया। इस शुभ अवसर पर कालोनी के सार्वजनिक महिला दुर्गा उत्सव समिति, स्व-सहायता महिला समूह, नारी शक्ति समूह के साथ ही साथ कालोनी के अनेक महिलाओं की उपस्थिति रही। तृप्ति शर्मा की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारी निशा साहू, त्रिवेणी चन्द्राकर, माला देवांगन, दीपशिखा मरकाम, हिरौदीं दीवान, मानसी वर्मा, रेणु गोस्वामी, लता साहू, राधिका कहार, लता बंजारे, रेणुका भारतीय, प्रियंका गोस्वामी, मोना तिवारी, पूर्णिमा भारद्वाज, नेहा सक्सेना, तारिणी साहू, वीणा साहू ने अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

---

**बच्चों के लिए हुई विविध प्रतियोगिताएं**

# हरेली उत्सव पर गेड़ी की पूजा कर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सरस्वती ज्ञानदीप विद्यालय आरंग में हरेली उत्सव मनाया गया। जिसमें संतोष साहू शाला विकास समिति के मुख्य अतिथि में प्रदीप लोधी की अध्यक्षता में मनाया गया। सबसे पहले सरस्वती माता की पूजा और गेड़ी की पूजा अर्चना कर उत्सव का प्रारंभ हुआ। बच्चों के द्वारा चिला लाया गया। जिसे माता के चित्र एवं गेड़ी की पूजा कर उत्सव प्रारंभ हुआ। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत ईशा पाल एवं श्रेया चंद्राकर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। गुड़हा चिला लाने के लिए कुमारी छाया बंजारे कक्षा सातवीं की छात्रा की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

हरियाली के संबंध में देव कुमारी यादव प्रधान पाठिका ने हरेली के संबंध में जानकारी देते हुए कही हरेली को हमारे छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार मानते हैं। प्राकृति द्वारा चारों तरफ हरियाली बिछा देती है। इस समय किसान अपने सारे औजारों की पूजा अर्चना करते हैं। इसीलिए हरेली को उल्लास पूर्वक मानते हैं। हरेली उत्सव को मजेदार बनाने के लिए सभी शिक्षक विद्यार्थी हरे परिधान में नजर आए। साथ ही कक्षा चौथी की छात्रा शिवानी प्रजापति ने छत्तीसगढ़ महतारी के वेशभूषा में नजर आई।

### बच्चों ने पेड़ बनाकर प्रकृति बचाव का दिया संदेश



पीपी1, पीपी2, पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पांचवी आदि सभी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा कविता प्रस्तुत किया गया। पीपी1 के बच्चों ने पेड़ बनाकर प्रकृति बचाव का संदेश दिया। कक्षा चौथी के छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी में मनमोहन नित्य प्रस्तुत किया गया। प्रकृति से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें चौथी से आठवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। फुगड़ी नित्य का भी आयोजन किया गया। प्राथमिक विभाग से कुमारी शांति जलक्षत्री प्रथम दिव्या जलक्षत्री द्वितीय लक्ष्य तृतीय रहे। पूर्व माध्यमिक विभाग से खुशी चौहान प्रथम एवं द्वितीय कुंदन साहू तथा तीसरे स्थान पर छाया बंजारे रही। गेड़ी दौड़ भी आयोजित किया गया। प्राथमिक विभाग से मयंक निषाद प्रथम, बद्री कुमार लोधी द्वितीय, लक्ष्य तीसरे स्थान पर रहे। पूर्व माध्यमिक विभाग से व्यास नारायण पटेल प्रथम, लक्की लोधी द्वितीय, कुंदन साहू तीसरे स्थान पर रहे। प्रदीप लोधी उपाध्यक्ष शाला विकास समिति द्वारा हरेली गीत गाया गया। कार्यक्रम में हरेली की महक घोल दी। अनूप नाथ योगी संचालक द्वारा हरेली की उपयोगिता पर चर्चा की गई। सभी को त्योहारों के अनुरूप भोजन कर पकवान आदि बनाकर खाना चाहिए। इस अवसर पर अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना करनी चाहिए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रभारी सुनीता लोधी, उमेश नाथ योगी, सुमनलता योगी, हेमा पुरांडे, दीपमाला पटेल, मनीषा देवांगन, केसरी साहू, कुसुम यादव, रेखा रानी देवांगन, भारती पांडे का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन योगेश लोधी ने किया।

## भिलाई के बुजुर्ग हिरऊ पौधों कर देते हैं संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



ग्राम भिलाई के निवासी 62 वर्षीय हिरऊ राम यादव अपने जीवन में अब तक 70 से 80 से अधिक पेड़-पौधे लगा चुके हैं। उनका यह कार्य न केवल गाँव के तालाबों, मैदानों, श्मशान घाटों और सार्वजनिक स्थलों तक सीमित है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मौन और सच्ची सेवा है। आज जब अधिकतर लोग सोशल मीडिया पर दिखावे के लिए पौधे लगाते हैं, तब हिरऊ राम यादव जी बिना प्रचार के, निःस्वार्थ रूप से यह कार्य कर रहे हैं। उनके लगाए गए ये पेड़-पौधे आज ऑक्सीजन देने के साथ-साथ पर्यावरण को शुद्ध कर रहे हैं। यह कार्य भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा उपहार है। हिरऊ राम यादव जी का यह समर्पण समाज के लिए एक प्रेरणा है। उनका जीवन संदेश देता है कि पर्यावरण की सेवा के लिए कोई मंच या मान्यता नहीं चाहिए, बस एक सच्ची नीयत और कार्य के प्रति समर्पण चाहिए। उनसे प्रेरणा लेते हुए, हम सभी को अपने जीवन में पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। आज गांव के युवा भी हिरऊ राम यादव से प्रेरित होकर पौधे लगा रहे हैं और यह बदलाव आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुंदर उदाहरण बन रहा है।

## खबर संक्षेप

### राइस मिलर्स को राहत देने की मांग

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लगभग 200 राइस मिलर्स को चावल जमा करने की अनुमति देने का आग्रह किया है। सांसद ने पत्र में उल्लेख किया है कि देर होने के कारण इन राइस मिलर्स का चावल संबंधित एजेंसियों द्वारा जमा नहीं किया गया और उन्हें प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने बताया, सभी मिलर्स चावल जमा करने के लिए तैयार हैं। यदि एक माह का समय देकर अनुमति दी जाए, तो चावल जमा किया जा सकता है और मिलर्स को पुनः मिलिंग कार्य की अनुमति दी जा सकती है।

### सीमा बनी गांड़ा महासभा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष



**रायपुर।** सामाजिक संस्था गांड़ा महासभा ने राजधानी रायपुर की झुग्गी बस्तियों में रहने वाली गरीब महिलाओं के उत्थान के लिए लंबे समय से समर्पित सेवा कर रही समाजसेवी सीमा क्षत्रिया को महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जिससे समाज की महिलाओं में हर्ष व्याप्त है। उनकी नियुक्ति संस्था के प्रदेश अध्यक्ष नारायण बाघ ने की। श्री बाघ ने बताया कि मधु पिल्लै चौक शांतिनगर स्थित विमतारा हॉल में 3 अगस्त को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### शिवसेना ने निकाली त्रिशूल यात्रा



**रायपुर।** शिवसेना के पदाधिकारियों ने सोमवार को गाजे-बाजे के साथ त्रिशूल यात्रा निकाली। यह यात्रा लाखेनगर चौक से महादेवघाट तक निकलकर भगवान हाटकेश्वरनाथ को त्रिशूल अर्पण कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की गई। इस यात्रा में मधुकर पाण्डेय, रेशम जांगड़े, एचएन सिंह पालीवार समेत सैकड़ों शिवसैनिक शामिल हुए।

# तीन साल में छत्तीसगढ़ में बाघों की संख्या हुई दोगुनी, इनमें आठ शावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के तीन टाइगर रिजर्व के साथ नए बने गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 36 बाघ होने का दावा वन विभाग के अफसर कर रहे हैं। इसके अलावा हाल के दिनों में कोरिया वनमंडल में दो नए बाघ के विचरण करने की पुष्टि वन विभाग के अफसरों ने की है। अफसर कोरिया वनमंडल में विचरण कर रहे बाघ की नियमित मॉनिटरिंग करने की बात कह रहे हैं। राज्य में वर्ष 2022 की गणना में 17 बाघ होने की पुष्टि हुई थी, वर्ष 2018 की तुलना में दो बाघ कम हुए थे। जानकार राज्य में बाघों की संख्या बढ़ने का कारण मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र में बाघों की संख्या बढ़ने की वजह से नए टेरिटरी की तलाश में माइग्रेट होकर छत्तीसगढ़ के टाइगर रिजर्व में आने की बात कह रहे हैं। विभागीय अफसरों के दावों के मुताबिक, राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने बाघ विचरण क्षेत्र में प्रे-बेस बढ़ाने व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व सहित सभी टाइगर रिजर्व में कानन पेंडारी, जंगल सफारी, बार नवापारा से चीतल तथा अन्य प्रजाति के हर्बिवोर वन्यजीव ट्रांसलोकेट कर टाइगर रिजर्व में छोड़े जा रहे हैं। इसके साथ ही टाइगर रिजर्व में प्रे-बेस बढ़ाने ग्रास लैंड विकसित किए जा रहे हैं। ग्रास लैंड विकसित होने से हर्बिवोर प्रजाति के वन्यजीवों को चारे की कमी नहीं होती। पर्याप्त चारा मिलने से हर्बिवोर प्रजाति के वन्यजीवों की संख्या तेजी से बढ़ती है।




**वर्ष 2022 की तुलना में बाघों की संख्या लगभग दोगुनी हुई**

**इन क्षेत्रों में इतने बाघ विचरण कर रहे**

अचानकमार टाइगर रिजर्व
10 व्यस्क तथा 8 बाघ शावक
इंद्रावती टाइगर रिजर्व - 8
भोरमदेव अभयारण्य - 3
गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व - 6
उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व - 1

**आधे बाघ अचानकमार टाइगर रिजर्व में**

राज्य के प्रमुख चार टाइगर रिजर्व में सबसे ज्यादा बाघ वर्तमान में अचानकमार टाइगर रिजर्व में हैं। एटीआर में वर्तमान में 10 व्यस्क तथा आठ बाघ शावक विचरण कर रहे हैं। अचानकमार में बाघों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आने वाले दिनों में एटीआर के बाघ को ट्रांसलोकेट कर किसी दूसरे टाइगर रिजर्व में छोड़ना पड़ेगा।

**मैदानी अमले की कमी**

राज्य के चारों टाइगर रिजर्व में फील्ड स्टाफ की भारी कमी है, इस वजह से बाघों की जिस तरीके से नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिए वह नहीं हो पाती। विभागीय अफसर ट्रैप कैमरा के माध्यम से बाघों की मॉनिटरिंग कर क्षेत्र में बाघों की संख्या का आंकलन करते हैं। फील्ड स्टाफ की कमी होने की वजह से बाघों के साथ हाथियों की नियमित मॉनिटरिंग नहीं हो पाती। इस वजह से पड़ोसी राज्य ओडिशा से हाथियों की आमद हो रही है।

# जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक, मिल-जुलकर काम करने के निर्देश




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी विजय जांगिड़ की उपस्थिति में सोमवार को कांग्रेस भवन में मंडल कमेटी गठन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस के जिला प्रभारी व पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया शामिल हुए। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बताया कि प्रदेश सहप्रभारी राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मंशानुरूप सभी को साथ लेकर काम करने निर्देशित किया। इसी दौरान रायपुर जिले के मंडल सृजन प्रभारी पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने सभी ब्लॉक एवं मंडल स्तर पर बैठक कहा कि घोषणा अनुरूप 50 प्रतिशत मंडल के पदाधिकारी एसटी, एससी, ओबीसी महिला, अल्पसंख्यक होने चाहिए। बैठक में निर्देशित किया गया कि मंडल और सेक्टर कमेटी का गठन 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से करें। बैठक में पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, पूर्व सांसद छाया वर्मा, अनीता शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रमोद शर्मा, दीपक दुबे, पंकज शर्मा, रामधनी वर्मा, सुनील माहेश्वरी, केशव चंद्राकर, ब्रह्मानंद ठाकुर, शिव ठाकुर, प्रमोद तिवारी, हितेंद्र ठाकुर, योगेंद्र सोलंकी, पप्पू राजेंद्र बंजारे सहित कांग्रेस के जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अब तक पांच जिलों की टीम घोषित

# भाजपा के तीन और जिलों की कार्यकारिणी का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- अगले माह तक बचे जिलों का भी हो जाएगा ऐलान

प्रदेश के भाजपा संगठन में अब जाकर करीब पांच माह बाद जिलों की कार्यकारिणी आकार लेने लगी है। सबसे पहले मनेंद्रगढ़-चिरमिरी की जिला कार्यकारिणी का ऐलान किया गया है। इसके बाद गौरेला पेंड्रा मरवाही की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अब सोमवार को एक साथ तीन जिलों, गरियाबंद, दंतेवाड़ा और बालोद की कार्यकारिणी का ऐलान किया गया है। आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों की कार्यकारिणी का भी एक के बाद एक ऐलान होगा। रायपुर जिले की कार्यकारिणी का ऐलान जहां अगले माह होगा, वहीं प्रदेश के सभी जिलों की कार्यकारिणी हर हाल में अगले माह पूरी हो जाएगी। इसके बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी तय होगी।

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया। कई बार डेडलाइन तय करने के बाद अब जाकर जुलाई में सभी मंडलों की कार्यकारिणी बनी है। अब जिलों की कार्यकारिणी बनाने की कवायद प्रारंभ की गई है। अब तक पांच जिलों की कार्यकारिणी का ऐलान हो चुका है। एक करके जिलों की कार्यकारिणी का लगातार ऐलान होगा। जिलों की कार्यकारिणी बनाने के बाद उसको अनुमोदन करने के लिए प्रदेश संगठन के पास भेजा जा रहा है। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और संगठन महामंत्री पवन साय की मंजूरी के बाद कार्यकारिणी का ऐलान हो रहा है। जिलों की कार्यकारिणी में दो महामंत्री, छह उपाध्यक्ष और छह मंत्री बनाए जा रहे हैं। इसी के साथ एक कोषाध्यक्ष और एक प्रवक्ता भी बनाया जा रहा है।

# फसल बीमा कराने 3 दिन शेष, जिले में 31 हजार किसानों ने किए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खरीफ सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने आवेदन करने की 31 जुलाई अंतिम तारीख है। रायपुर जिले में अभी तक फसलों का बीमा कराने के लिए 31 हजार आवेदन ही आए हैं, जबकि गत वर्ष आवेदनों की संख्या एक लाख 60 हजार थी। फसल बीमा कराने इस बार किसान कम रुचि ले रहे हैं, जिसे देखते हुए कृषि विभाग को भी किसानों की फसलों की चिंता सताने लगी है, क्योंकि प्राकृतिक आपदा ओलावृष्टि, बादल का फटना, आकाशीय बिजली, फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान की भरपाई फसल बीमा होने पर ही क्षतिपूर्ति के रूप में किसानों को मिल पाएगी। विभागीय सूत्र के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में खरीफ सीजन में अलग-अलग फसलों के लिए एक लाख 60 हजार किसानों ने आवेदन किए थे, जिनमें 40 हजार से ज्यादा किसानों ने बीमा भी कराया था, वहीं अन्य किसानों ने आवेदन करने के बाद बीमा नहीं कराया।

**धान सिंचित फसल के लिए प्रति हे. 60 हजार एवं असिंचित प्रति हे. 45 हजार क्षतिपूर्ति निर्धारित**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2025 में मुख्य फसल धान सिंचित के लिए प्रति हेक्टेयर 60 हजार रुपए तथा असिंचित प्रति हेक्टेयर 45 हजार रुपए क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित की गई है। फसल बीमा की प्रीमियम राशि भी सिंचित फसल के लिए 2 प्रतिशत 12 सौ रुपए प्रति हेक्टेयर तथा असिंचित के लिए 9 सौ रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित है।

**किसान बीमा कराएं**

प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान से बचने के लिए केंद्र सरकार ने फसल बीमा योजना शुरू की है। इस योजना के कारण पिछले वर्ष 1709 किसानों को बड़ी राहत मिली थी। बीमा कराने के लिए तीन दिन शेष बचे हैं।
- **सतीश अवस्थी,** उपसंचालक, कृषि विभाग रायपुर

**1709 किसानों को मिली थी 1 करोड़ 25 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि**

विभागीय अधिकारी के अनुसार जिले में पिछले खरीफ सीजन में 1709 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा था। इन सभी किसानों का बीमा होने के कारण उन्हें एक करोड़ 25 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि मिली थी। यह राशि मिलने से किसानों को नुकसान की भरपाई हुई, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली थी।

# महिलाओं के अपमान पर चुप है सपा कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष : हर्षिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता और महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडेय ने कहा, आज जिस तरह की टिप्पणी समाजवादी पार्टी की सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव पर की गई है, जो अमर्यादित बयान उन पर किया गया है, उसने भारत की करोड़ों महिलाओं को अंदर से झकझोर कर रख दिया है। इस मामले में पूरा विपक्ष तो मौन है ही, समाजवादी पार्टी और उसके अध्यक्ष व डिंपल यादव के पति अखिलेश यादव तक मौन हैं। श्रीमती पांडेय ने कहा, इस पूरे प्रकरण पर समाजवादी पार्टी और स्वयं अखिलेश यादव की चुप्पी बेहद सवालों के घेरे में है। जब एक महिला सांसद, जनप्रतिनिधि और स्वयं उनकी पत्नी डिंपल यादव का सार्वजनिक रूप से अपमान किया जा रहा है, तब अखिलेश यादव मौन क्यों हैं। क्या उनके लिए एक महिला की गरिमा से बढ़कर वोट बैंक की सियासत अधिक महत्वपूर्ण है। श्रीमती पाण्डेय ने कहा, अखिलेश यादव की चुप्पी से प्रतीत होता है कि उन्हें डर है कि अगर उन्होंने इन मौलानाओं के बयानों का विरोध किया तो उनका परंपरागत वोटबैंक नाराज हो जाएगा।

**विरोध किया तो परंपरागत वोटबैंक नाराज हो जाएगा**

श्रीमती पांडेय ने कहा, क्या महिलाओं की अस्मिता पर भी कांग्रेस सिलेक्टिव राजनीति करती रहेगी। तुष्टिकरण की राजनीति और एक विशेष संप्रदाय के वोट बैंक के लिए क्या महिलाओं की अस्मिता को इस तरह के नफरती बोल से लहूलुहान होते कांग्रेस चुप्पी साधे देखती रहेगी या फिर कोई प्रतिक्रिया देगी।

### भाजपा ध्रुवीकरण करने अल्पसंख्यकों को बनाती है निशाना



**रायपुर।** दुर्ग में दो ननों सहित तीन लोगों को गिरफ़्तार कर मानव तस्करी व धर्मांतरण का आरोप लगाने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, भारतीय जनता पार्टी के राज में पूरे देश में अल्पसंख्यक असुरक्षित हैं। बहुसंख्यकों का ध्रुवीकरण करने के लिए भाजपा ऐसा षडयंत्र करती है। उन्होंने कहा, क़ानून यह कहता है कि किसी मामले में शिकायत दर्ज हो, तो पहले जांच की जानी चाहिए, फिर एफ़आईआर दर्ज करके कार्रवाई करना चाहिए। भाजपा सरकारों के अंतर्गत पूरे देश में हो रहा है कि जैसे ही अल्पसंख्यकों का मामला आता है, पुलिस बिना क़ानूनी औपचारिकता पूरी किए कार्रवाई करती है।

# रीपा योजना में गड़बड़ी, 3 पंचायत सचिव निलंबित, 3 जनपद सीईओ को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रीपा योजना में गड़बड़ी के मामले में रायपुर संभाग क्षेत्र के 3 पंचायत सचिव को निलंबित तथा तत्कालीन 3 जनपद पंचायत सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने शासन स्तर पर इस मामले में किए गए जांच के प्रतिवेदन के आधार पर की है।

**इन जनपद सीईओ को नोटिस:** संभागायुक्त ने तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पलारी रोहित नायक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बलौदाबाजार रवि कुमार जिला बलौदाबाजार भाटापारा एवं तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद, लिखत सुल्ताना जिला महासमुंद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयुक्त ने तीनों अधिकारियों को समय अवधि में जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

**पंचायत-ग्रामीण विकास ने की थी गड़बड़ी की जांच**

रीपा योजना में गड़बड़ी की शिकायत पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने शासन स्तर पर जांच की थी। इस जांच में महासमुंद जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत महासमुंद के ग्राम पंचायत बिरकोनी के सचिव शंकर साहू, बलौदाबाजार-भाटापारा के जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत पलारी के गिर्रा के ग्राम पंचायत सचिव खिलेश्वर ध्रुव और जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लटुआ के सचिव टीकाराम निराला को निलंबित किया है। इन्हें भंडार क्रय नियम का पालन न करने, बगैर तकनीकी परीक्षण किये मशीन क्रय करने एवं मशीन के देय का खंड में भुगतान के साथ कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने के कारण कार्रवाई की है।

### गुढ़ियारी में आज होगी खुली कुश्ती प्रतियोगिता

**रायपुर।** श्री शंकर मंदिर सेवा समिति शुक्रवारी बाजार अखाड़ा गुढ़ियारी के तत्वावधान में 29 जुलाई नागपंचमी के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्तरीय खुली कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं समिति के अध्यक्ष अमरीक सिंग सूर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस खुली कुश्ती प्रतियोगिता में प्रत्येक विजेता महिला/पुरुष पहलवानों को नकद राशि एवं विजेता पहलवानों को विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/. ./अ-21/2025
रायपुर, दिनांक 10/07/2025
ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रमिला सिदार पति श्री बिजेन्द्र मरकाम निवासी 78 / 33, शांति नगर बालको नगर कोरबा छ.ग. के द्वारा आवेदिका के स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि ग्राम सेजबहार परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 15016 / 521 ब्लॉक क्रमांक 14 भूखण्ड क्रमांक 03 क्षेत्रफल 1175 वर्गफुट भूमि को आवेदिका अपने व्यक्तिगत एवं पारिवारिक कारणों की पूर्ति हेतु बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6 - क) के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 31/07/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 10/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर (छ.ग.)**

प्रकरण क्रमांक/202507 111000775/ ब- 113( 4 ) वर्ष - 2024-25
**ईश्तहार**
रायपुर दिनांक 25/07/2025
क्रमांक/997/अ.वि.अ./पं.सा.न्या./2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नकुल वर्मा पिता श्री बलीराम वर्मा, ट्रस्टी, गायत्री परिवार ट्रस्ट, निवासी ग्राम बरौदा, विधानसभा के पास, रायपुर (छ.ग.) द्वारा गायत्री परिवार ट्रस्ट पंजीयन क्रमांक - 251 पता-मांढर कालोनी, मांढर, रायपुर (छ.ग.) की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार ट्रस्ट पंजी में परिवर्तन हेतु लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 9(1) के तहत निम्नानुसार परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

- ट्रस्ट में परिवर्तन -

| क्र. | परिवर्तन की प्रकृति | परिवर्तन के कारण | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | **नव नियुक्त ट्रस्टी का नाम लोक न्यास पंजी में दर्ज करनें हेतु -** 1) श्री नकुल वर्मा पिता श्री बलीराम वर्मा 2) श्री खिलेन्द्र वर्मा पिता स्व. श्री सहदेव वर्मा 3) श्री चन्द्रकांत पिता स्व. त्रिभुवन लाल चन्द्राकर 4) श्री सीताराम साहू पिता स्व. गरीबा साहू 5) श्रीमती पूर्णिमा ठाकुर पति श्री हेमंत सिंह ठाकुर 6) श्री किशोर कुमार पाठक पिता स्व पारसनाथ पाठक 7) श्री राजा धुरंधर पिता स्व भरत लाल धुरंधर | न्यास में कार्यरत ट्रस्टियों की मृत्यु होने एवं पद से त्यागपत्र देने पर उनके स्थान पर नये ट्रस्टी की नियुक्ति। | |

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त संबंध में कोई दावा आपत्ति या सुझाव हो तो वे इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य (02 प्रतियों में) प्रस्तुत कर सकते है एवं पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वतः या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होवे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किये गये दावा आपत्ति या सुझाव पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
(नंदकुमार चौबे)
पंजीयक, सार्वजनिक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर**
**:: आम सूचना ::**
जारी दिनांक 25/07/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिरदा, प.ह.नं. 76, रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में **आवेदक प्रतीक केवलानी पिता मुरलीधर केवलानी निवासी मकान नं. ए-29, शंकर नगर, रायपुर** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 555/24 रकबा 0.1125 हे.** के सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्रमांक/ वाचक/अति. तहसीलदार/ 2025 रायपुर दिनांक 18/07/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 31/07/2025 को सुबह 10:30 बजे किया जाना नियत है। अतएंव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/ बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक मंडल
रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर**
**:: आम सूचना ::**
जारी दिनांक 25/07/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिरदा, प.ह.नं. 76, रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में **आवेदक प्रतीक केवलानी पिता मुरलीधर केवलानी निवासी मकान नं. ए-29, शंकर नगर, रायपुर** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 555/21 रकबा 0.0585 हे. खसरा** के सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्रमांक/ वाचक/अति. तहसीलदार/ 2025 रायपुर दिनांक 18/07/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 31/07/2025 को सुबह 10:30 बजे किया जाना नियत है। अतएंव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/ बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक मंडल
रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर**
**:: आम सूचना ::**
जारी दिनांक 25/07/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिरदा, प.ह.नं. 76, रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में **आवेदक कमलजीत सिंह होरा पिता दिलेर सिंह होरा निवासी मकान नं. डी - 299, 230, 231 देवेन्द्र नगर, से. 05, रायपुर** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 554/8 रकबा 0.1420 हे., खसरा नंबर 555/23 रकबा 0.0280 हे.** के सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्रमांक/ वाचक/अति. तहसीलदार/ 2025 रायपुर दिनांक 18/07/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 31/07/2025 को सुबह 10:30 बजे किया जाना नियत है। अतएंव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/ बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक मंडल
रायपुर (छ.ग.)

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मण्डल द्वारा निर्मित प्रधानमंत्री सह मुख्यमंत्री आवास योजना अतंर्गत आबंटित ई.डब्ल्यू.एस. प्रकोष्ठ भवन क्रमांक SEC-30/FF BL-72/102; श्रीमति रेणु हलदार एंव श्री शंकर हलदार, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पुर्ण राशि जमा किया गया है।

श्री शंकर हलदार, की मृत्यु दिनांक 18.02.2025 को हो गया है। मूल आबंटी श्रीमति रेणु हलदार ने अपने पति की मृत्यु होने के उपरांत उक्त प्रकोष्ठ भवन को अपने नाम पर यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः प्रधानमंत्री सह मुख्यमंत्री आवास योजना अतंर्गत आबंटित ई.डब्ल्यू. एस. प्रकोष्ठ भवन क्रमांक SEC-30/FF BL-72/102, को यथावत करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmultispecialityhospital@gamil.com

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टीलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा

डॉ. वैभव राज सिंह
एमबीबीएस एम.एस. - लेजर व दूरबीन सर्जन
(MBBS, MS Surgery)
Laparoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410

लेजर पाईल्स क्योर
पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी

श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हांडी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी तारवानी ने संभाला पदभार

**रायपुर।** ग्रामीण कृषि साख सहकारी समिति केंद्री में रविवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी राजू भाई तारवानी को पदभार ग्रहण कराया। विधायक श्री साहू द्वारा किसान कुटी बनाने के लिए 13 लाख रुपए की घोषणा की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग उपरवारा के संचालक ओम धीवर की शानदार प्रस्तुति रही। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के सभी किसान बंधु, अभनपुर क्षेत्र के सहकारी समिति के सभी प्राधिकृत अधिकारी, भाजपा मंडल अभनपुर के सभी पदाधिकारी, सभी सरपंच, पंच के अलावा पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, अशोक बजाज, भरत बैस, अनिल अग्रवाल, गौरव शर्मा, खेलूराम साहू, अन्नू तारक, संतराम साहू, चंचल राजादीवान, सूख साहू, नेतराम साहू, सरपंच केंद्री नेतराम साहू आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### रिज़वान हैदर



**रायपुर।** मोमिनपारा निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता रिजवान हैदर (पटवा) का 27 जुलाई को इंतकाल हो गया। उनका जनाजा 28 जुलाई को उनके निवास स्थान से मौदहापारा क़ब्रिस्तान ले जाया गया, जहां उन्हें सुपुर्दे-खाक किया गया। वे मो. यूशा, गुलाम मुस्तफा, वसी, मोनिस रजा के भाई थे। वे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत सह-संयोजक एवं छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष थे। उनके जनाजे में बड़ी संख्या में समाजजनों, आरएसएस एवं भाजपा समेत अन्य दलों के सदस्यों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नंदलाल राठौड़



**रायपुर।** नहरपारा निवासी नंदलाल राठौड़ (79) का 27 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 जुलाई को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे कुंदन राठौड़, लक्ष्मण राठौड़ के बड़े भाई और मनीष राठौड़ के पिता थे।

### ह्रदेश चौहान



**रायपुर।** हर्ष विहार निवासी ह्रदेश चौहान का 28 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे जेसीआई रायपुर कैपिटल के फाउंडर प्रेसिडेंट, जेसीआई सीनेटर थे।

### मांगी बाई गोलछा



**रायपुर।** रायपुर निवासी वीरमाता मांगीबाई गोलछा का 27 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 जुलाई को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे महासती जयप्रज्ञा श्रीजी की सांसारिक माता और महावीर, अशोक गोलछा की मां एवं महेंद्र, मोरध्वज की चाची, पीयूष, श्रेयांश, पार्श्व, सुबाहु की दादी थीं।

# आभा-आईडी पर मेडिकल कालेज गंभीर नहीं, अब रखना होगा आने वाले हर मरीज का रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आभा-आईडी के माध्यम से मरीजों की संख्या दर्ज करने में बरती जा रही लापरवाही पर एनएमसी ने सख्ती दिखाई है। देशभर के मेडिकल कालेजों को आने वाले हर मरीज का रिकार्ड रखने का फरमान जारी किया गया है। इन पेशेंट रिकार्ड में सीनियर रेसीडेंट और जांच रिपोर्ट में विभागीय डाक्टर का हस्ताक्षर होना जरूरी होगा। एनएमसी कालेजों के मूल्यांकन के दौरान इस प्रमाणिकता के रूप में उपयोग कर सकती है।

■ इन पेशेंट रिकार्ड में एसआर, जांच रिपोर्ट में विभागीय डाक्टर का साइन जरूरी

## एनएमसी ने जारी किया निर्देश, कॉलेजों के मूल्यांकन के लिए होगा सत्यापन




### आभा-आईडी से मरीजों को सुविधा

आभा-आईडी के माध्यम से मरीजों को अपनी बीमारी और इलाज की हिस्ट्री रखने में सुविधा मिलती है। इसके माध्यम से सरकारी अस्पतालों में जांच के लिए पंजीयन कराने उन्हें लंबी लाइन के झंझट से मुक्ति मिल जाती है। केंद्रीय स्तर पर यह आभा-आईडी बनाने की सुविधा सभी अस्पतालों में दी जा रही है, मगर प्रचार-प्रसार के अभाव में अस्पताल जाने वाले मरीजों के एक बड़े वर्ग ने इसका लाभ नहीं उठाया है।

देशभर के तमाम चिकित्सा महाविद्यालयों के डीन और डायरेक्टरों को जारी किए गए नोटिस में उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने प्रशासनिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों को अस्पताल में रोगी पंजीकरण के संबंध में आभा-आईडी दर्ज करना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था। इस सिफारिश पर चिकित्सा महाविद्यालयों ने गंभीरता नहीं दिखाई, जिस पर एनएमसी ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी मेडिकल कालेजों को सलाह दी है कि उन्हें आने वाले सभी मरीजों का रिकार्ड रखना होगा। सभी इन-पेशेंट रिकॉर्ड में यूनिट के संकाय और वरिष्ठ रेसीडेंट के नाम और हस्ताक्षर के साथ यह प्रमाणित करने के लिए प्रविष्टि होनी चाहिए कि उन्होंने रोगी को भर्ती किया है और जांच की है। इसके अलावा सभी जांच रिपोर्ट में संबंधित विभाग के एक डाक्टर का हस्ताक्षर होना भी आवश्यक है। चिकित्सा महाविद्यालयों को नसीहत दी गई है कि मरीजों की इस डेटा का मूल्यांकन के एक हिस्से प्रमाणिकता के रूप में सत्यापित किया जा सकता है। इस दौरान यह भी चेतावनी दी गई थी कि जांच के दौरान अगर किसी कालेज द्वारा मरीजों के रिकार्ड में फर्जीवाड़ा किए जाने की जानकारी सामने आती है, तो उस संस्थान के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में प्रतिदिन 280 एमएलडी पानी की खपत

# 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए 24 एमएलडी अतिरिक्त पानी की पड़ेगी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए 24 एमएलडी अतिरिक्त पानी की जरूरत होगी। शहर की पेयजल आपूर्ति के हिसाब से वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 280 एमएलडी पानी की खपत हो रही है। यानी आने वाले दिनों में रायपुर स्मार्ट सिटी का पॉयलट प्रोजेक्ट शुरू होने पर फिल्टर प्लांट से 304 एमएलडी साफ पानी की आपूर्ति शहर को की जाएगी। मोतीबाग और गंज पानी टंकी से नियमित रूप से अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने नगर निगम के फिल्टर प्लांट को इस संबंध में पहले ही पत्र लिखकर अवगत करा दिया है। इसमें मोतीबाग की नई पानी टंकी से 16 एमएलडी और गंज पानी से रोजाना 8 एमएलडी अतिरिक्त जल आपूर्ति की मांग शामिल है।

दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया में शामिल शहर के 15 वार्डों में 30 सितंबर से 24 घंटे पीने का साफ पानी पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड के पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पीने का साफ पानी पहुंचाने मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानकर अनुबंधित एजेंसी द्वारा 160 किलोमीटर के दायरे में पाइप लाइन बिछाई गई है। 2 लाख 40 हजार घरों में जल वितरण की व्यवस्था करने कोल्हापुर की लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कार्पोरेशन को 130 करोड़ में ठेका दिया गया है। इस प्रोजेक्ट में अनुबंधित एजेंसी 5 साल तक प्रोजेक्ट की देखरेख और संचालन अपने खर्च पर करेगी।

योजना के तहत मोतीबाग और गंज पानी टंकी के कमांड एरिया से पानी की खपत जांचने 24 हजार आधुनिक स्वचालित वाटर मीटर लगाये जाने का लक्ष्य रहा। अनुबंधित एजेंसी ने अब तक शहर के चयनित इलाकों में 20 हजार वाटर मीटर लगाने का काम पूरा कर लिया है, बाकी के 2 हजार वाटर मीटर संबंधित एरिया में जल्द लगाये जाएंगे। सदरबाजार, मौदहापारा, तात्यापारा इलाके के छूटे हुए घरों व दुकानों में नए नल कनेक्शन देने टीम जुटी हुई है।



### 24 एमएलडी अतिरिक्त पानी की होगी खपत

15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्तिका प्रोजेक्ट शुरू होने पर मोतीबाग और गंज पानी टंकी से प्रतिदिन 24 एमएलडी अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति की जरूरत पड़ेगी।वर्तमान में नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में 280 एमएलडी पेयजल आपूर्ति हो रही है, जबकि 24 घंटे जल आपूर्ति योजना शुरू होने पर पानी की खपत बढ़कर 304 एमएलडी तक पहुंचना तय है।

### पंपिंग स्टेशन अपडेट करने एजेंसी ने दिया इस्टीमेट

मोतीबाग पानी टंकी से संबंधित वार्डों में जल आपूर्ति के लिए 2 पुराने मोटर पंप का उपयोग किया जा रहा है। आने वाले दिनों में 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना शुरू होने पर पंपिंग स्टेशन को अपडेट कर मोटर पंप की क्षमता बढ़ाकर 110 किलोवाट की जाएगी। इस तरह के दो नए मोटर पंप लगाये जाएंगे। इसके लिए रायपुर स्मार्ट सिटी से अनुबंधित एजेंसी ने नए मोटर पंप क्रय करने इस्टीमेट दे दिया है। यानी मोतीबाग पानी टंकी के पंपिंग स्टेशन को अपडेट करने का काम जल्द शुरू होगा।

# लिंक एक्सप्रेस से लैपटॉप चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे स्टेशन पर लिंक एक्सप्रेस के एसी कोच से यात्री का बैग चोरी करने वाले शातिर चोर को जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 25 जनवरी 2025 की है, जब ओडिशा के गजपति जिला निवासी यात्री लिंक एक्सप्रेस से बिलासपुर से रायगढ़ा की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान रायपुर स्टेशन पर वे खाने-पीने का सामान लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरे थे, उसी दौरान उनका पिट्ठू बैग चोरी हो गया। बैग में एचपी कंपनी का लैपटॉप, चार्जर, पावर बैंक और कुछ पुराने कपड़े रखे थे। घटना की प्राथमिक रिपोर्ट जीआरपी रायगढ़ा में दर्ज कराई गई थी, जिसे जांच के लिए रायपुर जीआरपी को स्थानांतरित किया गया। मामले में लगातार जांच के बाद 27 जुलाई को जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम को सफलता मिली और आरोपी को रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 के बाहर हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया लैपटॉप और चार्जर बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 42,500 आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

■ रेलवे स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई

### आरोपी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार

जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 के बाहर हनुमान मंदिर के पास से की गई। रेल पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रमन कुमार के निर्देशन में जीआरपी थाना प्रभारी भोलाराम मिश्रा के साथ आरपीएफ पोस्ट प्रभारी कर्मपाल सिंह गुर्जर, मंडल टास्क टीम प्रभारी एनके यादव, वीसी बंजारे, देवेश, परवेज, बीके राठौर, जितेंद्र राम समेत अन्य अधिकारियों की मदद से आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पता कुमार माहेश्वरी उर्फ राजकुमार पिता खोरबहरा उम्र 38 साल, थाना गुढ़ियारी का रहने वाला बताया। छह-सात दिन पूर्व प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेन से बैग चोरी करने की बात कबूली। लैपटॉप के मॉडल और सीरियल नंबर का मिलान किया गया, जो पूरी तरह से मेल खाया।

# रेलवे स्टेशन में चला जांच अभियान, 37 के खिलाफ विभिन्न धाराओं पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर रेलवे स्टेशन में सोमवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पोस्ट प्रभारी के नेतृत्व में की गई, जिसमें स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म, यार्ड एरिया, वेटिंग हॉल, पार्सल कार्यालय, अप-डाउन ट्रेनों तथा सर्कुलेटिंग एरिया व नो पार्किंग ज़ोन में गहन जांच की गई। अभियान के दौरान रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन पर कुल 37 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इनमें चेन पुलिंग, अनधिकृत प्रवेश, नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करना, अवैध वेंडिंग और असामाजिक गतिविधियों में लिप्त पाए गए लोगों को शामिल किया गया। बता दें कि आरपीएफ और जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से रेलवे परिसर में असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते दिनों भी 200 से अधिक मामलों में कार्रवाई की गई थी। लगातार चल रहे इन अभियानों से रेलवे स्टेशन और प्लेटफार्मों की व्यवस्था में स्पष्ट सुधार देखा जा रहा है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण मिलने लगा है।

■ आरपीएफ और जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से रेलवे परिसर में असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई



### 8 अनाधिकृत हॉकर और वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई

रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करते पाए गए कुल 37 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। धारा 141 के तहत 3 लोगों को चलती ट्रेन में चेन पुलिंग करते पकड़ा गया। धारा 147 के अंतर्गत 2 लोगों पर रेलवे परिसर में अनाधिकृत प्रवेश, ट्रेसपास का मामला दर्ज किया गया। धारा 159 के तहत 20 ऑटो चालकों पर नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने पर जुर्माना लगाया गया। वहीं, धारा 147 व 144 के अंतर्गत 8 अनाधिकृत हॉकर और वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जो स्टेशन परिसर में बिना अनुमति के व्यवसाय कर रहे थे। इसके अलावा, धारा 147 और 145 के तहत 4 किन्नरों को असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर पकड़ा गया। रेलवे सुरक्षा बल ने स्पष्ट किया कि यह अभियान स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से चलाया गया।

# निगम मुख्यालय से बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक होते पचपेड़ी नाका तक गौरवपथ की तर्ज पर सड़क होगी चौड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

नगर निगम के सिटी डेवलपमेंट प्लान का अहम हिस्सा रहे राजधानी के पचपेड़ी नाका से बूढ़ापारा बिजली आफिस होते हुए निगम मुख्यालय वाली सड़क को गौरवपथ की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने अधोसंरचना मद से 15 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। रायपुर दक्षिण क्षेत्र की इस सड़क पर सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए पचपेड़ी नाका के एंट्री पाइंट से नगर निगम क्षेत्र की इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग एक अरसे की जा रही थी। नगर निगम प्रशासन ने इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा था।

15 करोड़ खर्च कर नगर निगम मुख्यालय से बूढ़ापारा के बिजली आफिस चौक, सिद्धार्थ चौक होते हुए पचपेड़ी नाका तक की सड़क चौड़ीकरण उसे गौरवपथ की तर्ज पर विकसित करने की राह अब आसान हो गयी है। पचपेड़ी नाका चौक पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने और व्यस्तम मार्ग होने के कारण लोगों को आए दिन जाम में फंसना पड़ता है। नगर निगम ने 6 माह पूर्व सर्वे कराकर पचपेड़ी नाका से सिद्धार्थ चौक होते हुए कालीबाड़ी तक सड़क चौड़ीकरण कराया। फातेशाह मार्केट के पास अभी भी सड़क के दोनों ओर ठेला गुमटियों की भरमार होने और पाथवे पर बेजा कब्जा के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए शहर में चार एंट्री पाइंट पर नए गौरवपथ की परिकल्पना करते हुए सिटी डेवलपमेंट प्लान में इसे शामिल किया गया। अब नए सिरे से इस मार्ग पर पाथवे, सड़क चौड़ीकरण और स्कूली विद्यार्थियों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए बस स्टाप बनाने और डिवाइडर पर हरे-भरे पौधे लगाकर उसे सुंदर स्वरूप देने की योजना है। सड़क चौड़ीकरण के दायरे में आने वाले अतिक्रमण को हटाते हुए मार्ग को व्यवस्थित किया जायेगा। हालांकि वित्त विभाग से इसकी मंजूरी मिलना बाकी है। मंजूरी मिलते ही नगर निगम इसके लिए ऑनलाइन टेंडर करेगा।




### प्लान बदलने की उठ रही चर्चा

सूत्रों के मुताबिक रायपुर सिटी डेवलपमेंट प्लान में शामिल रायपुर दक्षिण क्षेत्र के नगर निगम मुख्यालय से बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक से पचपेड़ी नाका तक की सड़क को शहर का प्रमुख एंट्री पाइंट मानते हुए नए गौरवपथ के रूप में विकसित करने नगरीय प्रशासन विभाग ने 15 करोड़ की मंजूरी दी है, पर इस प्लान में फेरबदल को लेकर चर्चा उठ रही है। सूत्रों के मुताबिक जिसमें सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका मार्ग वाली सड़क के बदले बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक से संतोषीनगर तक सड़क चौड़ीकरण पर जोर दिया जा रहा है। इसके पीछे तर्क ये दिया जा रहा है कि सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ीनाका चौक वाली सड़क के चौड़ीकरण की जरूरत नहीं है, इसकी जगह बूढ़ापारा बिजली आफिस से संतोषीनगर मार्ग का सड़क चौड़ीकरण कर उसे विकसित किया जाएगा।

स्पेशल एजूकेशन में बीएड अथवा डीएलएड डिग्री वाले ही होंगे मान्य

# दिव्यांग छात्रों को अब पढ़ाएंगे स्पेशल एजूकेटर सामान्य बीएड-डीएलएड डिग्रीधारी मान्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के दिव्यांग छात्रों को अब सामान्य शिक्षक नहीं पढ़ाएंगे। उनके लिए स्पेशल एजूकेटर की नियुक्ति की जाएगी। ऐसा छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रहा है। नई व्यवस्था इसलिए की जा रही है, ताकि दिव्यांग छात्रों की जरूरतें शिक्षक अधिक बेहतर तरीके से समझ सकें और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। स्कूल शिक्षा विभाग ने इसके लिए 100 पदों की घोषणा की है। शिक्षा विभाग ही इन पदों पर भर्ती करेगा। ये पद नियमित शिक्षक के होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार, इस पहल से समावेशी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। अभी तक दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए पृथक रूप से विशेष शिक्षकों की व्यवस्था नहीं थी। सामान्य छात्रों के लिए नियुक्त किए गए शिक्षक ही दिव्यांग छात्रों को पढ़ाते रहे हैं।



लोक शिक्षण द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, जिन 100 पदों पर भर्ती की जाएगी, उनमें प्राथमिक शालाओं के लिए 50 पद उच्च प्राथमिक शालाओं के लिए 30 पद तथा उच्चतर माध्यमिक शालाओं के लिए 20 पद हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की अधिकृत वेबसाइट में इस संदर्भ में विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है। भर्ती पीएससी अथवा व्यापम द्वारा की जाएगी अथवा विभाग ही अपने स्तर पर नियुक्तियां करेगा, इसे लेकर स्थिति फिलहाल स्पष्ट नहीं है। विभाग के मुताबिक, विस्तृत विज्ञापन तथा ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी भी शीघ्र ही वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

### दिया जाता है विशेष प्रशिक्षण

इस भर्ती प्रक्रिया में केवल वे अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिन्होंने भारतीय पुनर्वास परिषद्, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से स्पेशल एजूकेशन में बीएड अथवा डीएलएड की डिग्री प्राप्त की हो। गौरतलब है कि सामान्य शिक्षकों की भर्ती के लिए कक्षानुसार बीएड और डीएलएड की डिग्री मान्य होती है। दिव्यांग तथा विशेष छात्रों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों को विशेष ट्रेनिंग दी जाती है। यह भी बीएड-डीएलएड डिग्री ही कहलाती है, लेकिन ये स्पेशल एजूकेशन के अंतर्गत आती है। इसका जिक्र उपाधि में होता है। इसके अंतर्गत शिक्षकों को दिव्यांगों तथा विशेष छात्रों को पढ़ाने विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जाता है।

## पेज 11 के शेष ...

### रायपुर से मुंबई-हावड़ा के...

अब रेल मंत्रालय तक पहुंच चुका है। अब मंजूरी और रैक तैयार होने के बाद यह सुविधा मिलेगी। बता दें कि इस प्रस्ताव में ट्रेनों के संभावित रूट शामिल किए गए हैं, ताकि यात्रियों को अधिकतम लाभ मिल सके और रेलवे को आर्थिक दृष्टि से भी फायदा हो। मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने जानकारी दी कि वंदेभारत ट्रेनों को रायपुर से रांची और जबलपुर रूट में चलाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन दोनों रूट पर वंदेभारत ट्रेनें चलने से यात्रियों को एक ही दिन में आना-जाना संभव हो सकेगा, जिससे समय की बचत के साथ ही सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलेगा। खासकर रांची के लिए प्रस्तावित वंदेभारत सेवा यात्रियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, वहीं जबलपुर रूट पर इस ट्रेन की लंबे समय से मांग की जा रही है।

### गॉस मेमोरियल की...

अलावा उससे लगा बाबर बंगला भी है, जिसमें क्वार्टर बने हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक इसका बाजार मूल्य करीबन 300 करोड़ आंका गया है। लीज खत्म होने के बाद शासन की जमीन को जिला प्रशासन को सौंपने हिन्दू स्वाभिमान संगठन ने नजूल शाखा कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विश्वदिनी पांडे ने नजूल पर स्थित जमीन के व्यवसायिक व अन्य तरीके से उपयोग कर धर्नाजन करने पर एतराज करते हुए मामले को प्रमुखता से उठाया। सूत्रों के मुताबिक तत्कालीन जिला कलेक्टर ओपी चौधरी ने अपने कार्यकाल में यह अभिमत दिया कि शिकायत सही है, और संबंधित जमीन का दुरुपयोग हो रहा है। इसे कब्जा मुक्त करवा कर शासन में लिया जाये। इस संबंध में आदेश भी जारी किया गया। इस बीच प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। संगठन ने अपनी लड़ाई जारी रखी। लंबी सुनवाई के बाद राजस्व न्यायालय ने पिछले सप्ताह सीएनआई को कब्जा छोड़ने और जिला प्रशासन को कब्जा देने का आदेश दिया था। इसके तहत नगर निगम जोन 4 कमिश्नरी ने निगम आयुक्त के निर्देश पर सोमवार को जमीन का कब्जा लेने कार्रवाई की। यह कार्रवाई सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चली।

### ठगी की रकम ट्रांसफर...

था। पुलिस ने इस मामले में गोरखपुर निवासी आकाश साहू, शेर बहादुर सिंह उर्फ मोनू, लखनऊ निवासी अनूप मिश्रा, नवीन मिश्रा तथा देवरिया निवासी आनंद कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के अनुसार ठगी की रकम आहरण करने अनूप, नवीन तथा आनंद ने फर्जी कंपनियां बनाई थीं। यही मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। ठगी की रकम को वह अपनी फर्जी कंपनियों में ट्रांसफर कराकर निकालता था। आनंद देवरिया में पंजाब नेशनल बैंक ग्राहक सेवा केंद्र संचालित करता है। इसी तरह से आकाश, शेर बहादुर आरओ का काम करते हैं। नवीन तथा अनूप कंस्ट्रक्शन कंपनी चलाते हैं। इसके अलावा अनिल का हार्डवेयर का काम है। **सिम प्रोवाइडर आकाश ने दो-दो लाख में सिम बेचा :** पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आकाश सिम प्रोवाइडर था। उसने अन्य सिम प्रोवाइडर से दो से पांच हजार रुपए में सिम खरीदकर शेर बहादुर को दो-दो लाख में सिम बेचा था। आकाश ने ऊंची कीमत पर सिम बेचने का पुलिस को जो कारण बताया है, उसके मुताबिक सिम ब्लाक कराने पर वह उसे पुनः चालू करवा सकता था। इस वजह से आकाश ने शेर बहादुर को सिम दो लाख रुपए में बेचा था।

### पीएससी को नहीं पता...

के लिए यह भर्ती परीक्षा 12 जुलाई को आयोजित की गई थी। 15 जुलाई को मॉडल आंसर जारी कर 23 जुलाई तक दावा आपत्तियां मांगी गई थी। अभ्यर्थियों ने कई सवालों पर आपत्तियां दर्ज की थी। इनमें से पांच सवालों पर आपत्तियों को सही पाया गया। विशेषज्ञों से जांच के बाद इन सवालों को विलोपित किया गया है।

### डूमरतराई थोक बाजार पर...

यही नहीं, डूमरतराई से पड़ोसी राज्य ओडिशा, झारखंड, आंध्रप्रदेश में भी सामान की सप्लाई होती है। मानसून के कारण यहां पर खरीदारी करने प्रदेश के शहरों के साथ अन्य राज्यों के कारोबारी भी कम आ रहे हैं।

### बाइक सहित नाले में...

शामिल होने अपने भांजा के साथ उरकुरा आया था। बाइक दिलीप चला रहा था। वापस जाते समय अंधेरा होने की वजह से युवक नाले का अंदाजा नहीं लगा पाया और उसने नाले में अपनी बाइक दौड़ा दी। बाइक सहित नाले में गिरने से दिलीप का भांजा तैरकर निकला और अपने मामा की तलाश करने लगा। नहीं मिलने पर दिलीप के भांजे ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। नाले में बहे युवक के भांजा ने पुलिस को बताया है कि उसका मामा अच्छा तैराक है। पुलिस को आशंका है कि दिलीप नशे की हालत में बाइक चला रहा था। इस वजह से वह अंदाजा नहीं लगा पाया और अपनी बाइक नाले में दौड़ा दी। देर शाम तक एसडीआरएफ तथा गोताखोरों की टीम नाले में बहे युवक का पता नहीं लगा पाई।

## खबर संक्षेप



### भाजपा पुरानी बस्ती मंडल ने किया पौधारोपण

**रायपुर।** भाजपा पुरानी बस्ती मंडल के अंतर्गत डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड अमीनपारा में रविवार को प्रधानमंत्री के राष्ट्र को समर्पित कार्यक्रम मन की बात एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने अमीनपारा में पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सुनील सोनी, मंडल अध्यक्ष केदार धनगर, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, श्याम सुंदर अग्रवाल, संजू नारायण सिंह ठाकुर, पार्षद मनोज वर्मा, पार्षद अंबर अग्रवाल, पार्षद प्रमोद साहू, आशीष धनगर, अमीर कोषे, राज गायकवाड, गौरी यदु, विजय सिंह, मनोज साहू, राजकुमारी साहू, ममता नायक, गीता ठाकुर, समेत पुरानी बस्ती मंडल के कार्यकर्ता व वार्ड के महिला संगठन एवं युवा संगठन उपस्थित रहे।

### पार्षद अनामिका ने जताया आभार



**रायपुर।** सोमवार को रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, वार्ड क्रमांक 49 के पार्षद तथा जोन अध्यक्ष सचिन मेघानी, रोवर रेंजर राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त मंत्रीप्त कौर संधू का सम्मान किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इसी दौरान पार्षद अनामिका ठाकुर ने उनका आभार जताया और सभी ने फूल, और गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया।

### नशा करना शान की बात नहीं, विषय पर ऑन द स्पॉट कार्टून स्पर्धा आज

**रायपुर।** इस साल छत्तीसगढ़ राज्य के 25 बरस पूरे हो रहे हैं और देश की एकमात्र कार्टून पत्रिका कार्टून वॉच के अपने प्रकाशन के 30वें वर्ष में प्रवेश करने वाली है। इस मौके पर कार्टून वॉच एवं समाज कल्याण विभाग छग के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर ऑन द स्पॉट कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन 29 जुलाई 2025 को संध्या 4 बजे न्यू सर्किट हाउस रायपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के बाद संध्या 6 बजे से पुरस्कार वितरण, विमोचन और संवाद का कार्यक्रम भी आयोजित होगा। कार्टून वॉच के संपादक त्र्यम्बक शर्मा ने बताया कि आज का दौर एआई और चिबली का दौर है और ऐसे समय में अपने हाथों से ऑन द स्पॉट कार्टून प्रतियोगिता करना समय की मांग है। हम तकनीक पर इतने आधारित होते जा रहे हैं कि वह दिन दूर नहीं, जब लोग हाथ से लिखना भी भूल जाएंगे।

### कैट युवा टीम का वोकल फॉर लोकल अभियान पोस्टर विमोचित

**रायपुर।** कैट की युवा टीम ने सोमवार को राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में वोकल फार लोकल अभियान चलाया। इसके अंतर्गत पोस्टर का विमोचन कर भारत में बने स्वदेशी उत्पाद के ही क्रय-विक्रय करने शपथ ली। कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन संयुक्त रूप से बताया कि युवा कैट, कैट महिला विंग एवं कैट ट्रांसपोर्ट इकाई के सभी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में कैट युवा टीम द्वारा वोकल फॉर लोकल अभियान का पोस्टर विमोचन किया गया।

# नीट यूजी प्रवेश के लिए आज से आवेदन, सामान्य वर्ग को देने होंगे हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शासकीय एवं निजी मेडिकल और डेंटल कालेज की यूजी सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगलवार से प्रारंभ होगा। सामान्य वर्ग के लिए आवेदन शुल्क हजार एवं आरक्षित वर्ग के लिए पांच सौ रुपये निर्धारित किया गया है। आवेदन के दौरान शासकीय कालेज में पंजीयन के लिए 5 से 10 हजार और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की सीटों के लिए एक लाख रुपये देना होगा, जो काउंसिलिंग पूरी होने के बाद पात्र अभ्यर्थियों को वापस होगा।

राज्य के पंद्रह मेडिकल और छह डेंटल कालेजों की एमबीबीएस और बीडीएस की सीटों पर एडमिशन के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन का शुल्क सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के एक हजार और आरक्षित वर्ग के लिए पांच सौ निर्धारित है। इसके अलावा एनआरआई कोटे की सीटों के लिए आवेदन शुल्क एक हजार रुपये तय किया गया है। आवेदन के साथ संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी करना के दौरान अभ्यर्थियों को पंजीयन राशि का भुगतान भी करना होगा जो शासकीय कालेज में अनारक्षित वर्ग के लिए 10 हजार और आरक्षित वर्ग के लिए 5 हजार निर्धारित है।

निजी कालेजों की सीटों के लिए एक लाख रुपये सुरक्षा निधि तय की गई है। काउंसिलिंग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंजीयन राशि अभ्यर्थियों को वापस की जाती है मगर जो नियम तोड़ते है उनकी राशि जब्त कर ली जाती है। इस बार काउंसिलिंग के दौरान प्रत्येक राउंड के लिए पंजीयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस बार शासकीय और निजी कालेजों में मौजूद शासकीय के साथ प्रबंधन कोटे की 1733 सीटों पर प्रवेश चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग के जरिये होगा।

## शासकीय कालेज में पंजीयन 5 से 10 हजार, निजी मेडिकल कालेज में एक लाख

हरिभूमि सरोकार

### सबसे ज्यादा सीट रायपुर

एमबीबीएस की सबसे ज्यादा 230 सीट शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में है। यहां प्रवेश लेना ज्यादातर अभ्यार्थियों की प्राथमिकता होगा। इसके अलावा दूरवर्ती जिलों में रहने वाले अभ्यार्थी अपने नजदीकी कालेज का चयन करेंगे। रायपुर के अलावा बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, अंबिकापुर के मेडिकल कालेजों में एडमिशन प्राथमिकता होगी। निजी कालेजों का चयन वहां की बड़ी फीस वहन करने वाले ही कर पाएंगे।




### अंतिम एडमिशन 30 सितंबर को

एनएमएसी द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार प्रथम, द्वितीय काउंसिलिंग के बाद मॉपअप राउंड पूरा किया जाएगा। इसके बाद अगर सीटें रिक्त होती है तो स्ट्रे राउंड पूरा किया जाएगा। प्रथम काउंसिलिंग प्रक्रिया 29 से 14 अगस्त, दूसरा राउंड 18 अगस्त से 5 सितंबर, मॉपअप राउंड 8 सितंबर से 22 सितंबर और स्ट्रे वैकेंसी राउंड 24 से 30 सितंबर के बीच पूरा होगा।

## पेशी की तारीख भी बढ़ी, सुनवाई बगैर लौटे वकील

# तहसीलदार-नायब तहसीलदारों की हड़ताल से राजस्व के काम अटके, बैरंग लौटे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपनी मांगों को लेकर सोमवार को हड़ताल पर रहे। इस हड़ताल का असर पहले दिन ही तहसील कार्यालयों में देखने को मिला। हरिभूमि ने लाइव रिपोर्टिंग की। इस दौरान सभी तहसील न्यायालयों में एक भी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित नहीं मिला, जिसके कारण न्यायालयों में सुनवाई के लिए पहुंचे पक्षकारों एवं वकीलों को प्रकरणों में सुनवाई बगैर लौटना पड़ा। जितने प्रकरणों पर सुनवाई होने थी, उनकी पेशी की तारीख 10 से 15 दिन के लिए आगे बढ़ा दी गई। इसके अलावा राजस्व से संबंधित कामकाज भी ठप रहा, जिससे कार्यालय में काम लेकर पहुंचने वाले लोगों को हताश होकर बगैर काम कराए लौटना पड़ा। हालांकि इस हड़ताल के दौरान तहसील कार्यालयों में दूसरे कर्मचारी ड्यूटी पर रहे, जो सिर्फ लंबित विभागीय कामकाज निपटाते दिखे।

### 17 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर राजस्व अधिकारी

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल 28 जुलाई से हड़ताल पर चले गए हैं। संघ ने संसाधन नहीं तो काम नहीं का ऐलान किया है। इसके तहत सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना में कम्पयूटर ऑपरेटर, चपरासी, डब्ल्यूबीएन, केजीओ, नायब नाजिर, माल जमादार , भृत्य वाहन चालक, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की पदस्थापना की मांग की है। इसके अलावा तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति प्रक्रिया में सीधी भर्ती और पदोन्नति का अनुपात पूर्व की भांति 50-50 रखा जाए और पूर्व में की गई घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए। घोषणा के अनुसार नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित किया जाए, ग्रेड पे में सुधार किया जाए, तहसीलों में प्रोटोकॉल एवं लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी के लिए शासकीय वाहन व चालक की व्यवस्था तथा भत्ता दिया जाए, बिना वैध प्रक्रिया नियमतित आदेश या अभियोजन कार्रवाई से प्रभावित तहसीलदारों व नायाब तहसीलदारों को 15 दिवस में जांच पूर्ण कर बहाल किया जाए। न्यायालय मामलों को जनशिकायत प्रणाली में स्वीकार न किया जाए सहित अन्य मांगें शामिल हैं।





### आय, जाति, मूल प्रमाण पत्र सहित अन्य कामकाज भी नहीं हुए

तहसील कार्यालय में हड़ताल के कारण आय, जाति, मूल संबंधित प्रमाण पत्र से लेकर त्रूटि सुधार जैसे काम से भी कई लोग पहुंचे थे, लेकिन हड़ताल के कारण उन्हें भी बैरंग लौटना पड़ा। कई लोगों ने बताया कि हड़ताल की उन्हें जानकारी नहीं थी, वहीं कई पक्षकारों को पेशी की तारीख आगे बढ़ाए जाने की सूचना नहीं मिलने के कारण तहसील कार्यालय आना पड़ा।

### 30 को अनिश्चिकालीन हड़ताल पर निर्णय

मांगों को लेकर तीन दिन की हड़ताल की घोषणा की है। पहले दिन जिला स्तर पर हड़ताल पर रहे। 29 को संभाग स्तर पर हड़ताल करेंगे एवं 30 जुलाई को राज्य स्तर पर हड़ताल करेंगे। इस दिन रायपुर में बैठक होगी, जिसमें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर निर्णय लिया जाएगा।

\- **कृष्णकुमार लहरे**, प्रांताध्यक्ष

### वसीयत नामांतरण कराने तीन माह से चक्कर काट रहा, आज भी बैरंग लौटना पड़ा

**केस : 1**

रायपुरा निवासी वेदकुमार कोसले ने बताया कि नामांतरण वसीयत में बच्चों के नाम पर कराने के लिए 3 माह पहले आवेदन दिया था।आवेदन देने के बाद कहा गया था कि 15 दिनों के भीतर आदेश जारी कर दिया जाएगा, लेकिन आवेदन देने के तीन माह बाद भी अभी तक नामांतरण आदेश जारी नहीं किया है। कोसले ने बताया कि उनका आवेदन अब तहसील में मिल नहीं रहा है, जब भी तहसील कार्यालय में पूछता हूं तो यह कहा जाता है कि उनके आवेदन में आदेश जारी होता है, लेकिन फाइल मिल नहीं रही है।

**केस : 2**

मठपुरैना रायपुर निवासी भारतलाल यदु ने बताया कि उसने ऑनलाइन रिकार्ड में बी-1 सुधारने के लिए आवेदन दिया है। आवेदन दिए 14 दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक बी-वन को सुधारा नहीं गया है। सोमवार को उम्मीद से आया था कि आज काम हो जाएगा, लेकिन हड़ताल के कारण उसे निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

**केस : 3**

छोटापारा डब्ल्यूआरएस कालोनी निवासी मनोज नायक ने बताया कि उनके दोनों बच्चों के जन्मप्रमाण में उपनाम गलत दर्ज हो गया है, जिसे सुधारने के लिए उन्होंने करीब 10 दिन पहले आवेदन दिया था। उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग के कर्मचारी ने सोमवार को आने के लिए कहा था, लेकिन यहां पहुंचा तो पता चला कि अधिकारी हड़ताल पर हैं, इसलिए हड़ताल खत्म होने के बाद आने के लिए कहा गया है।

# सहायता समूहों से जुड़ी दो सौ महिला उद्यमियों ने मार्केट प्लेस लिटरेसी की ट्रेनिंग ली



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन रायपुर ने एक नई पहल प्रोजेक्ट बिजनेस दीदी की शुरुआत की है। इस प्रोजेक्ट के तहत स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिला उद्यमियों को मार्केट प्लेस लिटरेसी के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। इसके लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्पाद मूल्य निर्धारण, बाजार की समझ, ग्राहक व्यवहार, विपणन रणनीति तथा व्यवसाय को कैसे आगे बढ़ाया जाए, इन सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

जिला प्रशासन के सहयोग से 26 एवं 27 जुलाई को मल्टी यूटिलिटी सेंटर सेरीखेड़ी में प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। यह पहल कलेक्टर गौरव सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन के नेतृत्व में हुई। इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिला उद्यमियों को व्यावसायिक जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लगभग 200 महिला उद्यमियों ने भाग लिया। उन्हें मार्केट प्लेस लिटरेसी के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया। इस दौरान महिलाओं को उत्पाद मूल्य निर्धारण, बाजार की समझ, ग्राहक व्यवहार, विपणन रणनीति तथा व्यवसाय को कैसे आगे बढ़ाया जाए आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण लोयला मेरीमाउंट यूनिवर्सिटी, लॉस एंजिल्स के प्रख्यात प्रोफेसर मधु विश्वनाथ ने दिया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने व्यावसायिक रणनीतियों से लेकर डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर उत्पादों को प्रदर्शित करने तक की जानकारी साझा की।

# छत्तीसगढ़ में वेटलैंड संरक्षण में कोताही, जिम्मेदारों पर कार्रवाई अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में वेटलैंड्स (आर्द्रभूमि) के संरक्षण में लापरवाही की जा रही है। अब इस पर कार्रवाई की मांग उठ रही है। विशेष रूप से, रायपुर और नया रायपुर के तालाबों और जलाशयों के संरक्षण में कोताही बरती जा रही है। नया रायपुर के सेंध और झांझ जलाशयों में नियमों का उल्लंघन कर निर्माण कार्य को लेकर वेटलैंड प्राधिकरण ने कलेक्टर को कोर्ट में शिकायत करने का आदेश दिया है। रायपुर के सभी तालाबों की जांच करने का आदेश प्राधिकरण ने कलेक्टर को दिया था, लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट नहीं दी गई है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सवा दो हेक्टेयर के वेटलैंड का संरक्षण होना था। छत्तीसगढ़ में इसका संरक्षण नहीं हो रहा है।

### राज्य शासन ने भी माना गलत हुआ

*अपर मुख्य सचिव ने डॉ. राकेश गुप्ता की शिकायतों और वेटलैंड प्राधिकरण के निर्देश अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने विचाराधीन पत्रों और सहपत्रों सहित सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी नया रायपुर विकास प्राधिकरण को नियमानुसार कार्रवाई के लिए भेजा जाना प्रस्तावित किया है।*

### नियमों का उल्लंघन

शहर के नाक, कान, गला विशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. राकेश गुप्ता शहर के कई तालाबों के संरक्षण में लापरवाही बरते जाने के संबंध लगातार ध्यान आकृष्ठ कर रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में कई शिकायत की है। इन शिकायतों पर जांच प्रतिवेदन आने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है। बताया गया है कि उनकी शिकायतों नया रायपुर के सेंध और झांझ जलाशयों में वेटलैंड नियमों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण कार्य को ध्वस्त किया जाए। इन जलाशयों में पाथवे, चौपाटी और अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जो कि वेटलैंड (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 के तहत प्रतिबंधित हैं। दोनों वेटलैंड को इन गैर कानूनी गतिविधियों के निष्पादन से पहले उनकी मूल प्राकृतिक स्थिति पूरी तरह से बहाल किया जाए।

# नैक दौरे से पहले कुलपति से फरियाद- पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं, हम क्या करें?

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



नैक दौरे की तैयारी कर रहे पं. रविशंकर शुक्ल विवि में सोमवार को विद्यार्थी प्रोफेसर की मांग लेकर पहुंच गए। सत्र प्रारंभ हुए माहभर हो चुके हैं, लेकिन विवि अब तक प्राध्यापक पदों की स्वीकृति होने के बाद भी भर्ती नहीं कर सका है। कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला से अपनी समस्याएं साझा करते हुए विद्यार्थियों ने कहा, शिक्षक नहीं होने के कारण उनका पाठ्यक्रम तय समय पर पूरा नहीं हो पाता है। इसका असर परीक्षा परिणामों में भी दिख रहा है। बड़ी संख्या में विद्यार्थी शिक्षकों के अभाव में अनुत्तीर्ण हो रहे हैं। गौरतलब है कि रविवि में अगस्त अंत तक नैक टीम का दौरा संभावित है। 2023 में मिले बी ग्रेड से असंतुष्ट विवि ने पांच वर्ष पूर्ण होने के पहले ही दोबारा ग्रेडिंग के लिए आवेदन दिया है।

बी ग्रेड देते हुए नैक टीम ने प्राध्यापकों की कमी को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। ग्रेडिंग में गिरावट के बाद भी विवि प्राध्यापकों की व्यवस्था नहीं कर सका है।

### पूरा सेमेस्टर बगैर शिक्षकों के

छात्रों ने लंबे समय से रिक्त पड़े प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक के पदों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि कई विषय ऐसे हैं जिनमें पूरे सेमेस्टर के दौरान विद्यार्थियों को बिना किसी नियमित शिक्षक के पढ़ाई करनी पड़ती है, जिससे न केवल शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि परीक्षाएं भी विलंब से आयोजित होती हैं। यह स्थिति शैक्षणिक गुणवत्ता को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रही है और उनके परिणाम खराब आ रहे हैं। एनएसयूआई के पुनेश्वर लहरे, अनुज शुक्ला, अंकित बंजारे, मनीष बांधे, हिमांशु तांडी, संस्कार पांडे, आलोक खरे, विनय साहू, खुशांत मांजरे सहित अन्य छात्रों ने कुलपति से मुलाकात कर अपनी दिक्कतें साझा की।

# 24 घंटे में जारी कर दिए 40 हजार अभ्यर्थियों के परिणाम, छात्रों ने लगाया गड़बड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

समग्र शिक्षा के अंतर्गत हुए व्यावसायिक शिक्षक भर्ती को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई का आरोप है कि इन पदों पर भर्ती पैसे लेकर की गई है। एक पद के लिए 3 से 4 लाख रुपए वसूले गए हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब पैसे लेने के बाद भी अभ्यर्थियों की नियुक्ति नहीं हो सकी। जांच की मांग लेकर एनएसयूआई ने सोमवार को बैरनबाजार स्थित समग्र शिक्षा कार्यालय का घेराव किया।

निष्पक्ष जांच के साथ ही एनएसयूआई ने कोविड महामारी के दौरान सेवा देने वाले कोरोना योद्धाओं को सरकार द्वारा घोषित 10% छूट और प्राथमिकता देने की मांग की है। सभी 40,000 परीक्षार्थियों की मेरिट सूची को सार्वजनिक करने की भी मांग छात्रों ने की है, जिससे चयन प्रक्रिया में निष्पक्षता स्पष्ट हो सके। एनएसयूआईई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रदर्शन में पीड़ित अभ्यर्थियों के साथ ही ग्रामीण अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी, अजय त्रिपाठी, योगराज देवांगन, मेहताब हुसैन, हरिओम तिवारी, वैभव मुजेवार, अंकित शर्मा, शिवांक सिंह, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

### 7 एजेंसी को दिया गया था ठेका एनएसयूआई ने घेरा कार्यालय



### 1560 पदों पर भर्ती

एनएसयूआई के मुताबिक, भर्ती परीक्षा 18 जुलाई को हुई थी। इसमें प्रदेशभर से लगभग 40 हजार अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा होने के 24 घंटे के भीतर ही परिणाम जारी कर दिए गए। इसके माध्यम से प्रदेशभर में व्यावसायिक शिक्षक के 1560 पदों पर भर्ती होनी थी। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में संचालित व्यावसायिक शिक्षा का कार्य एजेंसी द्वारा किया जाता है। प्रशिक्षण से लेकर शिक्षक भर्ती भी उनके ही एजेंसी के ही माध्यम से होती है। जिन 1560 पदों पर भर्ती निकाली गई, उनमें नर्सिंग, बिजनेस, मैनेजमेंट सहित कई तरह के ट्रेड शामिल थे। इन सभी ट्रेड के शिक्षकों की भर्ती एजेंसी द्वारा की गई। इस दौरान ही करीब 100 करोड़ का लेनदेन हुआ। समग्र शिक्षा के अधिकारियों की मिलीभगत का भी आरोप छात्र लगा रहे हैं।

## बिजनेस साइट

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में 'बायो-कैप्चर 2025' का सफल आयोजन



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के एप्लाइड साइंस विभाग द्वारा 24-25 जुलाई को बायो-कैप्चर फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विज्ञान और कला का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना था। इसमें 16 छात्रों ने भाग लिया और 80 फोटोग्राफ के माध्यम से परिसर की जैवविविधता को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल में प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. प्रज्ञा बंजारे, डॉ. अजय गुप्ता और डॉ. सुरेंद्र गौतम शामिल रहे। प्रमुख प्रतिभागियों में गायत्री, निकिल वर्मा, अमिताभ दास और सोनी ने प्रकृति की सुंदर झलक पेश की। आयोजन में प्रो. एके सरकार व टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम ने छात्रों में सौंदर्यबोध के साथ-साथ वैज्ञानिक सोच को भी प्रोत्साहित किया।

### अंतर्राष्ट्रीय आयुष कॉन्क्लेव 2.0 में डॉ. प्रीती गुप्ता को मिला 'आयुष विक्रम सम्मान'

**रायपुर।** गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आयुष कॉन्क्लेव 2.0 में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की डॉ. प्रीति गुप्ता को उनके आयुष चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'आयुष विक्रम सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण, शोध और समाजसेवा के प्रति उनके निरंतर प्रयासों का प्रतीक है।



# आदर्श विद्यालय मोवा में आयोजित हुई स्टेम-डीएलडी कार्यशाला




**रायपुर।** आदर्श विद्यालय मोवा में पहली जिला स्तरीय स्टेम-डीएलडी कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित शिक्षा पर गहन विचार-विमर्श हुआ। कार्यशाला में छह प्रमुख विद्यालयों से आए 25 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या सबिता चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने भविष्य उन्मुख कक्षाओं की आवश्यकता पर बल देते हुए स्टेम-डीएलडी ढांचे की उपयोगिता को रेखांकित किया। सत्रों के दौरान शिक्षकों ने प्रस्तुति, प्रश्नोत्तरी, शोध-पत्र और लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से नवाचार व छात्र-केंद्रित शिक्षण विधियों को साझा किया। प्रख्यात शिक्षाविद अभिषेक कुमार साहू और डॉ. लीना जैकब ने सत्रों का मूल्यांकन कर शिक्षकों को उपयोगी सुझाव दिए। अंत में प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र व अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

online Booking:-www.tripuryatra.com




11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर,
18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
मां मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ , जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02 

नागपंचमी पर अखाड़ों में आज ....

## एजूकेशन लाइव

# एकलव्य विद्यालयों में अतिथि शिक्षक भर्ती के लिए 6 अगस्त को साक्षात्कार




**रायपुर।** जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, नारायणपुर द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छेरीबेड़ा एवं ओरछा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु अस्थायी मानदेय आधारित अतिथि शिक्षकों एवं अन्य पदों की व्यवस्था के लिए साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। पीजीटी इतिहास एवं काउंसलर (केवल महिला) पद के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र पंजीयन एवं साक्षात्कार 6 अगस्त को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पंजीयन व साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश जिले की आधिकारिक वेबसाइट https://narayanpur.gov.in/ पर उपलब्ध हैं।

### कृषि विवि में 30 को जारी होगी मेरिट लिस्ट

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी कृषि (ऑनर्स) स्नातक पाठ्यक्रम में 12वीं परीक्षा के परिणामों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। ऑफलाइन दस्तावेजों का सत्यापन कृषि महाविद्यालय रायपुर में 29 जुलाई को भी किया जाएगा।इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बीएससी कृषि (ऑनर्स) स्नातक पाठ्यक्रम में 556 रिक्त सीटों पर 12वीं परीक्षा के परिणामों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। दिनांक 28 जुलाई 2025 को 12वीं के आधार पर प्रवेश में 421 अभ्यर्थियों ने अपना दस्तावेज परीक्षण कराया एवं 29 जुलाई 2025 को अन्य अभ्यर्थी कृषि महाविद्यालय रायपुर में अपना दस्तावेज परीक्षण करवा सकते हैं। 30 जुलाई 2025 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची अपलोड की जाएगी। 31 जुलाई से 2 अगस्त तक अभ्यर्थियों को सीट आबंटन व फीस जमा करने कृषि महाविद्यालय रायपुर में उपस्थित होना होगा। काउंसिलिंग संबंधित दिशा-निर्देशों की अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.igkv.ac.in** का अवलोकन कर सकते हैं। इस अवधि में पंजीयन करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों के तहत प्रावीण्यता के आधार पर उपरोक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा।



सावन के तीसरे सोमवार को कांवड़ियों ने किया हाटकेश्वर नाथ का अभिषेक, भक्तों का सुबह से शाम तक लगा तांता

# अश्वगंधा, कमल और गुलाब के फूलों से किया श्रृंगार, एक झलक पाने उमड़ी भीड़

*'वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सुबह महादेवजी की भस्म आरती और अश्वगंधा, कमल, गुलाब सहित कई फूलों से भगवान भोलेनाथ को तीसरे सोमवार पर मनोहारी स्वरूप दिया गया। गर्भगृह के पट खुलते ही शिवजी का श्रृंगार दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। लोग महादेवघाट स्थित हाटकेश्वरनाथ मंदिर में छोटे-छोटे समूह में कांवड़ के साथ अभिषेक करने पहुंचे। शहर के सभी शिवालयों में दिनभर भक्तिमय माहौल रहा।'*



शहर के जोरापारा स्थित शिव बजरंग मंदिर में श्रद्धा के साथ भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का अश्वगंधा की माला और फूलों से विशेष श्रृंगार किया। मनोहारी श्रृंगार दर्शन करने के लिए पहुंचने वाले भक्तों ने बाबा का आकर्षक स्वरूप देखा। भक्तों ने जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन के माध्यम से भी अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए संकीर्तन किया।

**रायपुर।** शिवालयों में सावन के तीसरे सोमवार को भी भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ने लगी थी। इसके चलते मंदिर प्रबंधन ने लोगों को सुविधा के लिए सेवकों को तैनात किया था। सूर्योदय से पहले आचार्यों और पुरोहितों ने सभी शिव मंदिरों में धार्मिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना व अभिषेक किया। इसके बाद महादेव की मूर्ति और शिवलिंग का कई सुगंधित फूलों से श्रृंगार करते हुए अलौकिक स्वरूप दिया। जैसे ही शिवालयों के पट खुले, कतार में खड़े श्रद्धालु एक-एक करके गर्भगृह में दर्शन के लिए आगे बढ़े। महादेवघाट में कांवड़ियों का दल पहुंचने से दर्शनार्थियों का प्रवेश रोकते हुए पहले कांवड़ियों को दर्शन करने में सहयोग दिया। कांवड़ियों को आराम करने और भोग प्रसादी की सुविधा भी सुबह से शाम तक दी गई।





हाटकेश्वरनाथ मंदिर महादेवघाट में फूलों से बाबा को दिव्य स्वरूप दिया गया। सावन सोमवार के पावन अवसर पर भक्त एक झलक पाने के लिए लंबी कतार का हिस्सा बने। इसके पहले हाटकेश्वरनाथ बाबा की मध्यरात्रि 2 बजे भस्म आरती की गई। सुबह मंदिर के पट श्रृंगार आरती के लिए खोले गए।



नवागांव स्थित शिव मंदिर में 1008 शिवलिंग और स्फटिक से निर्मित शिवलिंग का दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ रही। क्षेत्र के दर्शनार्थी ही नहीं, बल्कि दूरदराज से लोग इस मंदिर में हर सावन में पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं। यह सिलसिला इस बार भी देखने को मिला।



इस सोमवार को तड़के 3.22 बजे डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद के नेतृत्व में श्री सुरेश्वर महादेवपीठ कचना रोड में रुद्राष्टाध्यायी का पाठ किया गया। इसमें नारियल के पानी, गंगाजल, गाय के दूध के साथ अभिषेक किया गया। अखिल अग्रवाल एवं रश्मि अग्रवाल द्वारा यह अभिषेक किया गया। इसके बाद ही महाआरती संपन्न हुई।



बुढ़ापारा स्थित गणेश शिव मंदिर में सुबह से ही उपासकों एवं श्रद्धालुओं की आवाजाही रही। यहां भक्तों ने फूलों और बेलपत्तों से शिवजी को आकर्षक स्वरूप दिया। झूला बनाकर भक्तों ने शिव को इस सोमवार को आकर्षण का केंद्र बनाया। इसके बीच भोलेनाथ का स्वरूप देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी।



नरैय्या तालाब के पास स्थित नरहरेश्वर मंदिर में महादेव का भक्तों ने चार घंटे तक श्रृंगार किया। इसके लिए रजनीगंधा, कमल फूल की माला और गुलाब के फूलों से आकर्षक स्वरूप दिया। इसके बाद ही भक्तों को दर्शन का अवसर दिया गया। मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन का सिलसिला सुबह से शाम तक अनवरत जारी रहा।



चंगोराभाठा स्थित शिखेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों का उत्साह दिनभर देखने को मिला। महादेव का किया गया अर्धनारीश्वर स्वरूप में श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा। हर साल की तरह सावन में शिव की एक झलक पाने के लिए लोग सुबह से शाम तक पहुंचे। फूलों से श्रृंगार करने में भक्तों और पुरोहितों ने कई घंटे तक आस्था के साथ महादेव को अर्धनारीश्वर स्वरूप देने में लगाया। इसके बाद भक्तों के साथ भक्तिभाव से आरती की गई।



लाखेनगर स्थित खदानेश्वर महादेव का भक्तों ने चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में श्रृंगार किया। फूलों और बेलपत्र से महादेव का विशेष साज-श्रृंगार करने के बाद दर्शनार्थियों के लिए मंदिर के पट खोले गए।



छत्तीसगढ़ नगर स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की दिनभर आवाजाही रही। शाम को महाआरती में आसपास के लोग परिवार के साथ इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे।



बुढ़ेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं को दोपहर तक जलाभिषेक का अवसर मिला। इसके बाद मुख्य पंचमुखी शिवलिंग को दक्षिणमुखी महाकाल का स्वरूप देने के लिए फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को तीसरे सोमवार को मुख्य प्रवेश द्वार की जगह पीछे के रास्ते से दर्शन करने का अवसर दिया गया। जहां भक्तों ने पूजा-अर्चना करते हुए आराध्य देव का श्रृंगार दर्शन किया।

## सिटी इवेंट

# हरेली पर्व पर गेड़ी दौड़, कबड्डी और कुर्सी दौड़ से मनाया उत्सव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन द्वारा डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में हरेली पर्व का भव्य आयोजन हुआ। महिलाओं ने कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य शोभायात्रा से की, जिसमें कॉलोनी सहित आसपास के कई परिवारों ने इसमें भाग लिया। शोभायात्रा के बाद महाआरती, कृषि उपकरणों की पूजा एवं नीम डाली की स्थापना की गई।



समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक उत्साह, सामाजिक एकता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की गरिमा के साथ हरेली पर्व सम्पन्न हुआ। मनोरंजन के लिए महिलाओं ने गेड़ी दौड़, कबड्डी, कुर्सी दौड़, नीबू दौड़, नारियल फेंक, लोकगीत एवं नृत्य जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।



### हरियाली बनाने का लिया संकल्प

*हरियाणा महिला मंडल द्वारा हरियाली तिहार को मनाया गया। आयोजन का समापन महाराजा अग्रसेन गार्डन में हुआ। इस हरियाली तिहार के अवसर पर महिलाओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। सभी ने गार्डन को स्वच्छ एवं हरियाली बनाने का संकल्प लिया। मण्डल की महिलाओं ने हरियाली तीज की एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में महिला मण्डल के अध्यक्ष राजवंती शर्मा समेत मण्डल की महिलाएं शामिल रहीं।*

जन्माष्टमी से पहले बाजार में बढ़ी रौनक, पोशाक और श्रृंगार सामग्री की खरीदारी

# वृंदावन की तर्ज पर श्रृंगार के लिए खरीदे जा रहे वस्त्र और झूले, पोशाक से मेल खाते गहनों की बढ़ गई मांग

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** जन्माष्टमी का पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, बाजार भगवान श्रीकृष्ण के वस्त्रों, झूलों और श्रृंगार सामग्री से सजने लगा है। इस बार जन्माष्टमी का पर्व 16 अगस्त को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और बाजारों में भीड़ देखी जा रही है। विशेषकर बाल गोपाल के लिए झूले और पोशाक की मांग में इजाफा हुआ है। बाजार में इस बार वृंदावन शैली की पोशाकें लोगों की पहली पसंद बनी हुई हैं। छोटे-बड़े सभी आकार की मूर्तियों के लिए मुकुट, माला, बंसी, पाग और अन्य श्रृंगार सामग्री की खरीदारी जोरों पर है। गोलबाजार स्थित एक दुकान के संचालक शत्रुघ्न गुप्ता ने बताया कि बाजार में 10 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की श्रृंगार सामग्री उपलब्ध है। लोग अपने घरों में रखी मूर्तियों के आकार और प्रकार के अनुसार सामान खरीद रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार विशेष रूप से झूले और बांसुरी की मांग ज्यादा है।





### लड्डू गोपाल के रंगबिरंगे वस्त्र

मार्केट में लड्डू गोपाल के रंगबिरंगे वस्त्र सबको भा रहे हैं। हर रंग के वस्त्र और उसके साथ मैचिंग गहने उपलब्ध हैं। दुकान के संचालक हितेश सोनकर बताते हैं कि उनकी दुकान में कन्हैया के लिए हर तरह की पोशाकें हैं। कन्हैया की ड्रेस के घेर पर कढ़े हुए फूल या गुलाब की रंगबिरंगी ड्रेस भी भक्तों की पसंद है। इस पोशाक को धारण करने के बाद कन्हैया किसी बगिया में पालना झूलते नजर आएंगे। पोशाक 30 से 300 रुपए तक खरीदी जा रही है।

### कुंदन और मोर पंख से सजावट



गोलबाजार में श्रृंगार सामग्री के दुकान संचालक रामेश्वर प्रसाद बताते हैं कि कन्हैया के गहनों के लिए छोटे-छोटे कुंदन, मोर पंख, बांसुरी, मुकुट, गले के हार और बिंदिया छोटे साइज के पैकेट में उपलब्ध हैं। मूर्ति के आकार के अनुसार हर तरह की सामग्री ग्राहकों को मिल रही है। कई मुकुटों में मोर पंख और रंगबिरंगे स्टोन का वर्क किया गया है, जो इन्हें बेहद सुंदर और आकर्षक बना रहा है। बाजारों में झूले को सजाने के लिए छोटे-बड़े साइज के रुई से बने मटके की खरीदी की जा रही है। लाल, पीले, गुलाबी रंगों के मटके के साथ सुंदर बांसुरी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मटके की कीमत 80 से 150 रुपए तक हैं।

## सिटी लाइव

# इंटर्नशिप में छात्र-छात्राओं ने सीखीं मीडिया की बारीकियां



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में 7 दिवसीय इंटर्नशिप प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इंटर्नशिप के दौरान छात्रों ने एंकरिंग, रिपोर्टिंग, वीडियो प्रोडक्शन, पत्रकारिता में समाचार निर्माण और समाचार की संरचना जैसे कला सीखी और अंतिम दिन में छात्रों को प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। इस इंटर्नशिप प्रोग्राम में दुर्गा महाविद्यालय और शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय के 24 छात्र शामिल हुए। इस प्रोग्राम द्वारा छात्रों ने पत्रकारिता के बारे में जाना।

### दिनकर की कविताओं से दी पत्रकारिता की जानकारी

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्रीय कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविताओं की पंक्तियों से छात्रों को संबोधित किया। संबोधन में कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में अनुशासन और भाषा का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है। अच्छी और स्पष्ट भाषा ही पत्रकारिता को निखारती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने बताया कि पत्रकारिता में समर्पण, साधन और संकल्प की बहुत आवश्यकता होती है। ये सभी बातें एक अच्छे पत्रकार का गुण माना जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आकांक्षा दुबे, प्रो. हेमंत सहगल, प्रो. रितुलता तारक और प्रो. ऋषिका सोनी एवं छात्र मौजूद रहे।

● पंचमी पर अखाड़े में शिवलिंग की पूजा के बाद खिलाड़ी एक-दूसरे को चित करने लगाएंगे जोर

# नागपंचमी पर अखाड़ों में आज 'दंगल-दंगल...' महिला और पुरुष पहलवान दिखाएंगे दम

नागपंचमी के अवसर राजधानी में 100 साल से भी अधिक पुराने अखाड़ों में पहलवानों की दंगल प्रतियोगिता एक बार फिर से जीवंत हो उठेगी। शहर के तीन प्रमुख अखाड़े दंतेश्वरी व्यायामशाला, गुढ़ियारी शंकर मंदिर अखाड़ा समेत श्री दूधाधारी अखाड़ा में कुश्ती आज देखने को मिलेगी। दंगल को लेकर अखाड़ों में विगत 15 दिनों से अभ्यास चल रहा है। इस बार भी युवाओं के साथ-साथ युवतियों ने भी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। इस अवसर पर पहले अखाड़ों में पूजा होगी, जिसमें नाग स्वरूप में शिवजी का श्रृंगार किया जाएगा। मंदिरों में भी विशेष पूजा होगी। अखाड़ा समिति के उस्तादों संग मंदिर के पुजारियों ने भी व्यवस्था की है।



### पूजा-अर्चना के बाद दंगल...दंगल

श्री दूधाधारी अखाड़ा उत्सव समिति में इस बार भी पहलवानों की दंगल देखने को मिलेगी, साथ ही यहां उस्ताद से प्रशिक्षित युवा कला का प्रदर्शन भी करेंगे। इसके लिए सारी तैयारी की गई है। अभ्यास करने वाले खिलाड़ी इस बार भी नागपंचमी पर पूजा-अर्चना करने के बाद अपने कौशल का जलवा बिखेरेंगे।



**रायपुर।** पुरानी बस्ती के दंतेश्वरी चौक स्थित दंतेश्वरी व्यायामशाला समिति द्वारा इस बार भी नागपंचमी पर दोपहर 12 बजे से अखाड़े में बनाए गए शिवलिंग की पूजा-अर्चना के बाद महिला व पुरुष रेसलर्स को अखाड़े में दांव-पेंच लगाने के लिए अवसर दिया जाएगा। दिलीप यदु ने बताया कि 86 युवकों व 33 युवतियों ने पंजीयन कराया है। पूजा के बाद दोपहर कुश्ती खिलाड़ी बारी-बारी से अलग-अलग एज ग्रुप में कला का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में खेल मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं महापौर मीनल चौबे शामिल होंगी।



### रात 8 बजे तक चलेगी कुश्ती प्रतियोगिता

शुक्रवारी बाजार स्थित 79 साल पुराने शंकर मंदिर अखाड़े में दोपहर 3 बजे पूजा-अर्चना के बाद महिला-पुरुष रेसलर्स के बीच कुश्ती प्रतियोगिता का दौर शुरू होगा। अखाड़ा समिति ने बताया कि अब गोदा अखाड़े अर्थात पूर्ण रूप से मिट्टी से तैयार अखाड़े की परंपरा खत्म हो गई है। इसके बाद भी हर साल नागपंचमी के दिन परंपरा निभाने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले महिला-पुरुष रेसलर्स के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस बार भी रात 8 बजे तक खिलाड़ियों को खुली कुश्ती में दांव-पेंच दिखाने का अवसर दिया जाएगा।



### मंदिरों में होगी नाग-नागिन की पूजा

रविवि परिसर स्थित मां बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट के पुजारी ने बताया, ऐसी मान्यता है कि इस क्षेत्र में पहले नाग-नागिन के जोड़े को देखा जाता था। लोग उनके पास मनौती लेकर आते थे। अभी भी उनके स्वरूप की नागपंचमी के दिन भक्त परिवारों द्वारा सुबह से देर शाम तक विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। लोग परिसर में स्थित शिव मंदिर में नागपंचमी के मौके पर विशेष रूप से अभिषेक करने पहुंचते हैं। महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ, बंजारेश्वर महादेव रावांभाठा, श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रावण महोत्सव, वैदिक रूद्रमहाभिषेक का भी आयोजन किया गया है।

## आराधना

# सज्जन की संगत से व्यक्ति में होता है गुणों का विकास



**रायपुर।** सज्जन व्यक्ति की संगत संसार में सबसे बड़ा धन है। विद्वानों और बुद्धिमानों को सज्जनों की संगत करनी चाहिए। उनके संग से व्यक्ति में गुणों का विकास होता है और दुर्गुण दूर हो जाते हैं। इसलिए सज्जनों के संगत को ही सबसे उत्तम धन माना गया है। सत्संग से जीवन में गुणों का विकास होता है। संसार के जितने भी दोष हैं, वह सज्जन व्यक्ति की संगत से दूर हो जाते है। इसलिए सज्जनों के संगत को संसार रूपी रोग की औषधि भी माना जाता है। बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम में यह बात सोमवार को आश्रम के प्रभारी डॉ. स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने कही। प्रसंग में कुबेर गुणनिधि के प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताया कि कुबेर गुणनिधि के नाम से प्रसिद्ध था और महान पापी था।

### दुष्ट की संगति का परित्याग करना चाहिए

दंडी स्वामी ने आगे बताया कि उसकी माताजी उसके पाप को पति से छिपा लेती थी। वैवाहिक संबंध होने के बाद माता ने उसको समझाया कि तुम्हारे पिता की प्रतिष्ठा समाज में सदाचार के लिए होही है। सदाचार ही व्यक्ति का सबसे बड़ा धन होता है। इसलिए विद्या और सदाचार को अपना लक्ष्य बनाकर प्राप्त करने का प्रयास करो। तुमको दुष्ट संगति का भी परित्याग करना चाहिए। साधुओं की संगति में तत्पर होना चाहिए। आप का जन्म ब्राह्मण परिवार में हुआ है। इसलिए तुमको ब्राह्मणोचित कर्म ही करना चाहिए। अपने पिता के अनुरूप बनना चाहिए।

# दुख का सबसे बड़ा कारण है दूसरों से अपेक्षा रखना, यह सबसे बड़ी भूल



**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत चल रहे प्रवचन श्रृंखला में हंसकीर्ति श्रीजी धर्मरत्न प्रकरण ग्रंथ का पठन कर रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को उन्होंने कहा कि दुख का सबसे बड़ा कारण हमारी अपेक्षाएं होती हैं। यह अपेक्षा ही है, जो हमारे रिश्तों में खटास लाती है, चाहे वह दोस्ती हो या पारिवारिक संबंध। अक्सर हम यह भूल जाते हैं कि अपने ही घर के लोगों से उम्मीद करना, हमारी सबसे बड़ी भूल बन सकती है। उदाहरण के तौर पर मान लीजिए कि आपका रुमाल गिर गया। अगर घर का कोई सदस्य आपको यह बता दे तो आप इसे सामान्य बात मानते हैं, न धन्यवाद, न कृतज्ञता। पर अगर यही बात कोई बाहर का व्यक्ति बताता है तो आप झुक-झुककर उसका आभार जताते हैं। क्यों? क्योंकि हमने अपने अपनों से अपेक्षा बांध रखी है कि वे तो ऐसा करेंगे ही, यह उनका कर्तव्य है। इसी सोच से रिश्तों में अपनापन कम और औपचारिकता ज्यादा हो जाती है। सुख और दुख की जड़, हमारी अपेक्षाओं में ही छिपी है। जब आप किसी से कुछ चाहते हैं और वह पूरी नहीं होती तो पीड़ा होती है, लेकिन जब आप किसी से कुछ भी नहीं चाहते तो आप भीतर से पूर्ण और शांत रहते हैं। यही सच्चा सुख है।



### विद्या वही, जो दुखों का नाश करे

टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में सोमवार को चातुर्मासिक प्रवचनमाला में उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागर महाराज ने कहा कि जीवन में ज्ञान केवल धन कमाने के लिए अर्जित नहीं करना चाहिए। आज सभी को ऐसा लगता है कि ज्ञान के बल पर जीवन में सब कर लेंगे। अपने पैर पर खड़े होने के लिए शिक्षा आवश्यक है, लेकिन रोटी, कपड़ा और मकान के साथ चौथी अनिवार्य आवश्यकता ज्ञान है। आज का युग ज्ञान का है। ज्ञान के महत्व को सभी ने माना है। हमारे गुरु भगवंतों ने भी कहा है, विद्या वही है, जिससे दुखों का नाश होता है। यह कभी नहीं कहा कि विद्या वह है, जिससे गरीबी व अभाव का नाश हो। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जीवन है इसलिए ज्ञान की आवश्यकता है। जीवन में समस्या आती ही रहती है। ज्ञान वही है, जिससे हम अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। समस्या जीवन में आएगी ही, लेकिन ज्ञान होगा तो ही हम अपनी समस्याओं का समाधान कर पाएंगे।



# सुंदरता के प्रति आकर्षण से कई बार जीवनसाथी का चयन हो जाता है गलत

**रायपुर।** श्री विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट व भावोल्लास चातुर्मास समिति के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे चातुर्मास में सोमवार को मुनी प्रियदर्शी विजय महाराज ने अपने दिव्य प्रवचन में धर्म प्राप्ति की योग्यता के लिए आवश्यक गुण निष्पक्षता पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राग, द्वेष और पूर्वग्रह, ये तीन मानसिक विकार व्यक्ति को न केवल धर्म-पथ से दूर करते हैं, बल्कि उसके जीवन व्यवहार को भी विकृत और कलुषित बना देते हैं। मुनीश्री ने समझाया कि माध्यस्थता का अर्थ है वस्तु या व्यक्ति के स्वरूप को तटस्थ दृष्टि से देखना, बिना राग या द्वेष के। सामान्यतः मनुष्य किसी वस्तु या प्रवृत्ति में अपने अनुकूल या प्रतिकूल अनुभव के आधार पर ही उसकी महत्ता तय करता है, किंतु ऐसा दृष्टिकोण व्यक्ति को वास्तविकता से दूर कर देता है। उन्होंने आगे कहा कि राग व्यक्ति को त्याज्य वस्तु को भी ग्राह्य मानने पर विवश करता है और द्वेष सज्जनों को भी शत्रु जैसा दिखाता है। परिणामस्वरूप व्यक्ति सज्जनों से दूर और दुर्जनों के समीप चला जाता है। आज के युवाओं के उदाहरण से मुनीश्री ने समझाया कि सुंदरता के प्रति आकर्षण के कारण कई बार जीवनसाथी का चयन गलत हो जाता है, जिससे संपूर्ण जीवन पश्चाताप में व्यतीत होता है।

# फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में नैतिक मूल्यों और कर्तव्यों पर हुई चर्चा



**रायपुर।** डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दस दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम समाप्त हुआ। इस डेवलपमेंट प्रोग्राम में बजट निर्माण, भंडार क्रय नियम, वेतन एवं पेंशन निर्धारण, अवकाश नियम, कार्यालय प्रबंधन, सूचना का अधिकार, लोकसेवा गारंटी, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण, विभागीय कार्यवाही तथा कार्य नैतिकता आदि विषयों पर श्रेष्ठ विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि आईएएस डॉ. संतोष कुमार देवांगन उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समस्याओं को हल करना और उससे प्रशिक्षण सबसे बड़ा अनुभव है। अपने संयमित आचरण से कार्यों को करना एवं हर नियम का पालन करना हमारा कर्तव्य है।



### व्यक्ति की पहचान उनके कार्यों व व्यवहार में झलकती है

कार्यक्रम अध्यक्ष सुब्रमण्यम ने कहा कि एक अच्छे नागरिक का निर्माण शिक्षा विभाग द्वारा किया जाता है। सभी को उत्कृष्ट प्रदर्शन से समाज निर्माण कार्य में भाग लेना है। व्यक्ति के मूल्यों, सिद्धांतों और विश्वासों का समूह होता हैं, जो उनके कार्यों व व्यवहार में झलकता हैं। हमें अपने कार्यों में सफल होने के लिए पाबंद, मेहनत और विश्वास रखना होता है। समारोह में कोकेडामा पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। समारोह के समापन बाद महाविद्यालय में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों एवं केंद्रीय जेल के कैदियों को पढ़ाने वाले प्राध्यापकों को प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के संगीत विभाग की छात्राओं ने कार्यक्रम में स्वागत गीत, सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत की प्रस्तुत दी। इस अवसर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।


## कैंप में बच्चों की जांच, अब निशुल्क होगा बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**रायपुर।** बेंगलुरु से आए डॉ. सुनील भट्ट के साथ उनकी टेक्नीकल टीम ने निशुल्क 210 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की। इसमें सिकलिन, थैलेसीमिया पीड़ित बच्चो का सोमवार को एचएलए डीनए टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बच्चों को निशुल्क ओपीडी की सुविधा दी गई। फाउंडेशन के संस्थापक सुरेश सचदेव और काजल सचदेव के साथ ही जांच शिविर को सफल बनाने में उषा लुनावत, संदीप कुकरेजा, विजय मथानी और श्रीचंद लखवानी ने सहयोग दिया।



## शीतला मंदिर से 3 को निकलेगी कांवड़ यात्रा

**रायपुर।** माता खल्लारी सेवा समिति द्वारा संचालित एमकेएस ग्रुप द्वारा 3 अगस्त को भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में हजारों श्रद्धालु, विशेषकर युवा वर्ग, मातृशक्ति एवं बहनें पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लेंगे। कांवड़ यात्रा शीतला मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर संतोषी नगर, भाठागांव होते हुए महादेवघाट पहुंचेगी, जहां हाटकेश्वर महादेव पर जलाभिषेक कर यात्रा का समापन किया जाएगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव के नाम का संकीर्तन, भजन, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ वातावरण को भक्तिमय बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु, सुरक्षा, जलपान, प्राथमिक उपचार एवं विश्राम व्यवस्था की पूरी तैयारी कर ली गई है।



व्यंजन

# त्योहारों पर बाजार से खरीदने की बजाय घर पर खुद बनाएं गुलाब जामुन



गुलाब जामुन एक लोकप्रिय भारतीय मिठाई है, जो किसी भी खास मौके या त्योहार पर बनाई जाती है। इसकी मीठी और मुलायम बनावट सबके दिलों में खास जगह बनाती है। क्या आप जानते हैं कि इसे घर पर बनाना कितना सरल है? इस लेख में हम आपको घर पर गुलाब जामुन बनाने की आसान रेसिपी बताएंगे, जिससे आप इसे किसी भी समय बना सकते हैं और अपने परिवार को खुश कर सकते हैं।

**सामग्री : गुलाब जामुन बनाने के लिए जरूरी सामग्रियां :** गुलाब जामुन बनाने के लिए आपको कुछ चीजों की जरूरत होगी, जैसे कि दूध पाउडर, मैदा, घी, चीनी, गुलाब जल और दूध। इन चीजों का उपयोग करके आप अपने गुलाब जामुन को स्वादिष्ट बना सकते हैं। आप चाहें तो इसमें सूखे मेवे भी डाल सकते हैं, जिससे इसका स्वाद और भी बढ़ जाएगा। इसके अलावा आप गुलाब जल की जगह केसर का उपयोग भी कर सकते हैं, जिससे गुलाब जामुन को एक अलग ही रंग और खुशबू मिलेगी।

**सबसे पहले चाशनी बनाएं :** गुलाब जामुन के लिए सबसे पहले चाशनी तैयार करें। इसके लिए एक पैन में चीनी और पानी मिलाकर उसे मध्यम आंच पर पकाएं जब तक कि चीनी पूरी तरह से घुल न जाए। इसे 2-3 मिनट तक पकाने के बाद मीठा पानी तैयार हो जाएगा। अब इसमें थोड़ा-सा गुलाब जल डालें ताकि इसमें खुशबू आ जाए। अब चाशनी को ठंडा होने दें ताकि यह गुलाब जामुन में अच्छी तरह से समा सके और उन्हें मीठा बना सके।

**गुलाब जामुन का मिश्रण तैयार करें :** गुलाब जामुन का मिश्रण तैयार करना बहुत आसान है। इसके लिए एक बड़े बर्तन में दूध पाउडर और मैदा मिलाकर उसमें थोड़ा-थोड़ा दूध डालते हुए नरम मिश्रण तैयार करें। इस मिश्रण को अच्छे से गूंथ लें ताकि इसमें कोई दरार न रहे। इसके बाद छोटे-छोटे गोले बना लें, जो आपके गुलाब जामुन की आकार देंगे, फिर इन्हें तलने के लिए तैयार रखें।

**गुलाब जामुन तलें व चाशनी में डालें :** अब तैयार मिश्रण के गोले को धीमी आंच पर गर्म घी में डालें और उन्हें सुनहरा भूरा होने तक तलें। ध्यान रखें कि गुलाब जामुन को पलटते रहें ताकि वे हर तरफ से समान रूप से पकें। जब सभी गुलाब जामुन अच्छे से तल जाएं तो उन्हें गर्म मीठे पानी में डाल दें ताकि वे उसमें अच्छे से मिल जाएं। इसके बाद इन्हें कुछ मिनट तक चाशनी में रहने दें ताकि ये पूरी तरह से मीठे हो जाएं।

# रक्षाबंधन पर बनाएं आसान तरीके से ऐसे लाजवाब स्वादिष्ट स्नैक्स



रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। अगर इस बार इस त्योहार पर अपने भाई के लिए कुछ खास बनाना चाहते हैं तो ये स्नैक्स आपके काम आएंगे। इन स्नैक्स की रेसिपी बहुत आसान है और इनका स्वाद भी बेहतरीन है। आइए इन स्नैक्स की रेसिपी जानते हैं ताकि आप रक्षाबंधन पर अपने भाई के साथ घर के बाकि लोगों को भी खुश कर सकें।

**पनीर टिक्का :** पनीर टिक्का एक ऐसा नाश्ता है, जिसे हर कोई पसंद करता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले पनीर को टुकड़ों में काट लें, फिर दही और मसालों का मिश्रण बनाकर उसमें पनीर को भिगोएं। इसके बाद पनीर के टुकड़ों को शिमला मिर्च और प्याज के साथ सींक में लगाकर सेंके। इसे गर्मागर्म हरी चटनी के साथ परोसें। इसका स्वाद और खुशबू आपके रक्षाबंधन को खास बना देंगे।

**आलू के चिप्स :** आलू के चिप्स एक लोकप्रिय नाश्ता है, जिसे आप आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले आलू को पतले-पतले टुकड़ों में काट लें, फिर इन्हें पानी में धोकर सुखा लें। अब इन्हें धीमी आंच पर तेल में तलें जब तक कि ये कुरकुरे न हो जाएं। तलने के बाद इनमें नमक और थोड़ा-सा लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। इन्हें ठंडा होने पर किसी बंद डिब्बे में रखें और रक्षाबंधन पर अपने भाई को परोसें।

**मोमोज :** मोमोज एक ऐसा व्यंजन है, जो आजकल हर किसी को पसंद आ रहा है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले मैदा का आटा गूंथ लें और छोटी-छोटी लोइयां बना लें। अब इन लोइयों को बेलकर उनमें सब्जियों का भरवान भरें। भरवान बनाने के लिए प्याज, गाजर, पत्तेदार सब्जियां और मसालों का मिश्रण तैयार करें। मोमोज को भाप में पकाने के बाद चटनी के साथ परोसें। यह नाश्ता आपके रक्षाबंधन को और भी खास बना देगा।

**दही भल्ला :** दही भल्ला एक ऐसा नाश्ता है, जो गर्मियों में बहुत अच्छा लगता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले उड़द दाल को रातभर पानी में भिगो दें, फिर सुबह उसे पीसकर गोल-गोल बॉल्स बनाएं और तल लें। अब इन बॉल्स को ठंडे पानी में कुछ देर रखें ताकि वे नरम हो जाएं। इसके बाद इन्हें दही, इमली की चटनी और मसालेदार पानी से सजाकर परोसें। यह नाश्ता आपके रक्षाबंधन को और भी खास बना देगा।

**खस्ता कचौड़ी :** खस्ता कचौड़ी एक ऐसा नाश्ता है, जो हर किसी को पसंद आता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले मैदा गूंथ लें, फिर उसमें सूजी मिलाएं ताकि कचौड़ी खस्ता बने। अब इसके अंदर मसालेदार आलू की भराई भरें।

## आकस्मिक धनलाभ के योग

# 50 साल बाद आज नागपंचमी पर बुध करेंगे शनि के नक्षत्र में प्रवेश, इन राशियों की पलट सकती है किस्मत

वैदिक पंचांग मुताबिक ग्रह 29 जुलाई को ग्रहों के राजकुमार बुध पुष्य नक्षत्र में गोचर करेंगे। अनुराधा नक्षत्र के स्वामी शनिदेव हैं, जो कर्मफल के स्वामी और न्याय के देवता हैं। वैदिक ज्योतिष में शनि और बुध एक-दूसरे के मित्र माने गए हैं। ऐसे में बुध ग्रह के नक्षत्र परिवर्तन से कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही इन राशियों की आय में वृद्धि और नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं



### सिंह राशि

आप लोगों के लिए बुध देव का नक्षत्र परिवर्तन लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। इस दौरान आपकी दैनिक इनकम में इजाफा हो सकता है। साथ ही नौकरी में प्रमोशन, आय में वृद्धि और कर्ज से मुक्ति मिलेगी। वहीं आप देश-विदेश की यात्रा कर सकते हैं। साथ ही इस दौरान इन्हें भाग्य का साथ मिलेगा। धार्मिक या आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता आएगी। साथ ही इस समय आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी।

### तुला राशि

इस अवधि में आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही कार्यक्षेत्र में नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। वहीं व्यापारियों के लिए नए सौदे और साझेदारियां बनने की संभावना है। साथ ही इस अवधि में आप धन की सेविंग करने में सफल होंगे।

### धनु राशि

इस समय आपको काम- कारोबार में अच्छी सफलता मिल सकती है। वहीं आय में इजाफा होगा। आपकी फाइनेंशियल कंडीशन अच्छी हो जाएगी। इंवेस्टमेंट से आपको लाभ होगा। आर्थिक रूप से यह समय रचनात्मक या टेक्नोलॉजी से जुड़े क्षेत्रों में निवेश के लिए अच्छा है। आपकी सोची हुई योजनाएं सफल होंगी। कोई शुभ समाचार आपको मिल सकता है।

## नाग पंचमी पर राशि अनुसार करें इन मंत्रों का जाप, खुलेंगे सौभाग्य के द्वार

सुख-समृद्धि की होगी प्राप्ति

नाग पंचमी आज 29 जुलाई को मनाई जा रही है। इस दिन नाग देवता की विधिवत पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन नाग देवता और भगवान शिव की विधिपूर्वक पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। वहीं इस दिन शिवलिंग का अभिषेक करना बेहद शुभ माना जाता है। इसके अलावा इस दिन कुछ विशेष मंत्रों का जाप भी अवश्य करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से न केवल कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है बल्कि जीवन में आने वाली बाधाएं भी समाप्त होती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं किस राशि के जातकों के लिए नाग पंचमी पर पढ़े जाने वाले प्रभावशाली मंत्र कौन-कौन से हैं।

मेष राशि – ओम गिरी नमः। वृषभ राशि – ओम भूधर नमः। मिथुन राशि – ओम व्याल नमः। कर्क राशि – ओम काकोदर नमः। सिंह राशि – ओम सारंग नमः। कन्या राशि – ओम भुजंग नमः। तुला राशि- ओम महिधर नमः। वृश्चिक राशि – ओम विषधर नमः। धनु राशि – ओम अहि नमः। मकर राशि – ओम अचल नमः। कुंभ राशि – ओम नगपति नमः। मीन राशि – ओम शैल नमः।

# शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक हैं घर में रखीं ये जड़ी-बूटियां, डाइट में करें शामिल

जड़ी-बूटियां न केवल खाने का स्वाद बढ़ाती हैं, बल्कि कई बीमारियों का इलाज करने में भी मदद कर सकती हैं। आयुर्वेद में तो इनका विशेष महत्व है। आयुर्वेद के अनुसार, जड़ी-बूटियों का सेवन करने से शरीर को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखा जा सकता है। आइए आज हम आपको ऐसी जड़ी-बूटियों के बारे में बताते हैं, जो आपके घर में ही रहती हैं मगर हम उसका उपयोग नहीं करते। शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करने वाली इन जड़ी बूटियों को आज से ही उपयोग में लाने लगें देखिए कैसे आपके स्वास्थ्य में बदलाव आ जाएगा।



**हर घर में रहती है तुलसी :** तुलसी को 'पवित्र' माना जाता है और यह लगभग हर भारतीय घर में पाई जाती है। इसका सेवन शरीर की सुरक्षा को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह तनाव और थकान से छुटकारा दिलाने में भी सहायक है। इसके साथ ही यह रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद कर सकती है। आप चाहें तो तुलसी की चाय बनाकर भी पी सकते हैं। तुलसी का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

**पोषक तत्वों से भरपूर धनिया की पत्तियां :** धनिये की पत्तियां कई पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, जो शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने और पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। साथ ही ये शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से बचाने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ये पत्तियां शरीर में रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकती हैं। धनिये की पत्तियां सेहत के लिए लाभकारी होती हैं।

**करी पत्ता में कई गुणों का समावेश :** करी पत्ता न केवल खाने में स्वाद बढ़ाता है, बल्कि कई गुणों से भी भरपूर होता है। यह शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने, बालों की समस्याओं को दूर करने और लिवर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह त्वचा की समस्याओं को दूर करने में भी सहायक है। साथ ही यह शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकता है।

**गुणों का खजाना कहलाती है नीम :** नीम को कई गुणों का खजाना माना जाता है। इसका सेवन पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने, शरीर की सुरक्षा को बढ़ाने और रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। साथ ही यह त्वचा और बालों से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में भी सहायक है।

# हैदराबाद की प्याज की खीर हुआ करती थी लोगों की पसंदीदा

हैदराबाद अपने जायकों के लिए दुनियाभर में मशहूर है। अपने खान-पान के प्रेम के लिए प्रसिद्ध निजामों ने कई अनोखे व्यंजनों की विरासत पीछे छोड़ी, जो आज भी हैदराबाद की पहचान है। बिरयानी से लेकर कबाब तक, यहां आपको न जाने कितने स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद मिल जाएगा। आज हम हैदराबाद की एक खास मिठाई के बारे में जानेंगे, जो मुश्किल से मिलती है।

हम प्याज की खीर की बात कर रहे हैं, जो लोगों की पसंदीदा हुआ करती थी और आज भी है

**खीर में प्याज डालना किसने शुरू किया :** इस व्यंजन का नाम सुनकर आप हैरान होंगे, क्योंकि प्याज को मीठे पकवान में शामिल करने की कल्पना नहीं की जा सकती। हालांकि, यह कभी निजामी सल्तनत के शाही भोजों का अहम व्यंजन हुआ करता था। इस पकवान को 'अनोखी खीर' नाम से जाना जाता है। यह खीर पहले आम जनता द्वारा बनाई जाती थी, क्योंकि उस समय प्याज सस्ते हुआ करते थे। यही वजह थी कि लोग चावल की जगह उसी का इस्तेमाल करके खीर बना लिया करते थे।

**अनोखी खीर कैसे बनी निजामों की पसंदीदा :** आम जनता गर्मी के मौसम में अनोखी खीर बनाकर खाती थी, क्योंकि प्याज पेट को ठंडा रखते थे। बाद में जब निजामों ने इसके अनूठे



स्वाद को चखा तो वे बेहद खुश हुए। उन्होंने प्याज की खीर की खूब सराहना की और उसे खास मौकों के मेन्यू में शामिल करने का फरमान सुनाया। इस खीर का स्वाद हल्का मीठा होता है, जिसमें तीखे प्याज के स्वाद का कोई नामों-निशान नहीं होता है।

**प्याज की खीर बनाने की रेसिपी :** अनोखी खीर की रेसिपी काफी हद तक चावल की खीर जैसी ही होती है। इसके लिए सबसे पहले सफेद प्याज को काटकर कई बार पानी में उबाल लें। ऐसा करने से प्याज का कड़वापन कम हो जाएगा। जब प्याज मुलायम हो जाएं तो उन्हें दूध में पकाना शुरू करें। इसके बाद इसमें चीनी, खोया, इलायची और केसर डालकर मिला लें। अंत में इसमें बादाम, पिस्ता, काजू और मखाने आदि जैसे बारीक कटे मेवे शामिल करें। इसे ठंडा करके खाएं। एक समय था जब प्याज की खीर हैदराबाद में आम थी। हालांकि, समय के साथ इसकी लोकप्रियता घटती गई और अब यह दुर्लभ हो गई है।



# सजावट के लिए ही नहीं स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक है गेंदे का फूल

गेंदे का फूल दिखने में जितना सुंदर लगता है, उतने ही फायदे से भरपूर होता है। यह फूल अपने औषधीय गुणों के कारण कई बीमारियों में असरदार होता है। इसमें सूजन कम करने वाले, बैक्टीरिया से लड़ने वाले और शरीर को स्वस्थ रखने वाले गुण होते हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आइए आज हम आपको गेंदे के फूल के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताते हैं।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने में है सहायक :** गेंदे के फूल का सेवन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसका कारण है कि इसमें बैक्टीरिया से लड़ने वाले और शरीर को स्वस्थ रखने वाले गुण होते हैं, जो प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर करने में मदद कर सकते हैं। यह फूल शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभा सकता है।

**आंखों के स्वास्थ्य के लिए है लाभकारी :** आंखों की समस्याओं से राहत दिलाने में भी गेंदे के फूल का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसका कारण है कि इसमें आंखों के लिए जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो आंखों को नुकसान पहुंचाने वाली हानिकारक किरणों से बचाने में सहायक होते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद तत्व आंखों की समस्याओं से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं। यह फूल आंखों की रोशनी को बेहतर बनाए रखने में सहायक हो सकता है।

**पाचन क्रिया को दे सकता है मजबूती :** पाचन क्रिया को मजबूत करने में भी गेंदे के फूल का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसमें सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो पेट की समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद तत्व पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकते हैं। यह फूल पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में सहायक हो सकता है।



### त्वचा की समस्याओं को कर सकता है दूर

गेंदे के फूल में मौजूद शरीर को स्वस्थ रखने वाले और सूजन कम करने वाले गुण त्वचा की समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। इसमें त्वचा को पोषण देने वाले तत्व होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद गुण त्वचा पर होने वाले सूजन और जलन जैसी समस्याओं को दूर कर सकते हैं। यह फूल त्वचा को निखारने में सहायक हो सकता है।

### घाव और घिसने के निशान हटाने में है प्रभावी

गेंदे के फूल में सूजन कम करने वाले और बैक्टीरिया से लड़ने वाले गुण होते हैं, जो त्वचा की समस्याओं जैसे कील-मुंहासे और झुर्रियों आदि से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद तत्व त्वचा को प्रदूषण और अन्य हानिकारक तत्वों से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए गहरे घाव और घिसने के निशानों पर गेंदे का तेल लगाएं।






















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मार्वल यूनिवर्स के इन किरदारों का दुनियाभर में जलवा



भारत में हॉलीवुड फिल्मों की लोकप्रियता किसी से छुपी नहीं है, लेकिन जब बात मार्वल यूनिवर्स की हो, तो दर्शकों की दीवानगी सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में देखने को मिलती है। मार्वल की इस नई फिल्म के बाद एक बार फिर चर्चा में हैं मार्वल यूनिवर्स के वो किरदार, जिन्होंने दुनियाभर के साथ-साथ भारत में भी एक गहरी छाप छोड़ी है। मार्वल यूनिवर्स की बात हो और 'आयरन मैन' का जिक्र न हो, ऐसा मुमकिन नहीं। रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने इस किरदार को बखूबी निभाया। उन्होंने इस कैरेक्टर में इस कदर जान डाली कि वो दर्शकों के दिलों में बस गया। भारत में भी 'आयरन मैन' की फैन फॉलोइंग इतनी जबरदस्त है कि लोग उन्हें उनके असली नाम से कम और 'आयरन मैन' के नाम से ज्यादा पहचानते हैं। 'थॉरः लव एंड थंडर' जैसी फिल्मों ने इस किरदार को बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में लोकप्रिय बना दिया है। क्रिस हेम्सवर्थ का दमदार अभिनय, हथौड़ा थामे हर सीन में अलग एनर्जी लगती है। भारत में थॉर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनकी फिल्मों को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ जैसी भाषाओं में डब किया जाता है। 'स्पाइडर मैन' शायद पहला सुपरहीरो है जिससे भारत के बच्चे परिचित हुए। पर आज के दौर में टॉम हॉलैंड वाले स्पाइडर मैन को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है।

### टॉलीवुड

## 100 फिल्मों में काम करने वाली हीरोइन 47 की उम्र में ट्रांसफॉर्मेशन से किया हैरान



एक्ट्रेस ममिल्ला शैलजा प्रिया ने तेलुगु और तमिल फिल्म इंडस्ट्री में 100 से अधिक फिल्मों में काम किया। फिर सीरियल्स के जरिए तेलुगु दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। इन दिनों शैलजा प्रिया ने अब अपने नए लुक से फैंस को चौंका दिया है। 47 साल की उम्र में भी वह बेहद खूबसूरत और फिट लग रही हैं। हाल ही में प्रिया ने अपने नए लुक का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वह स्टाइलिश हेयरस्टाइल और शानदार ड्रेसिंग के साथ यंग लड़की की तरह दिख रही हैं। प्रिया ने 1997 में तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा। मास्टर', 'दोंगाटा, गोकुलमलो सीता जैसी फिल्मों से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। उन्होंने हीरोइन, सपोर्टिंग एक्ट्रेस और कुछ फिल्मों में विलेन के रूप में भी दर्शकों को प्रभावित किया। फिल्मों के अलावा उन्होंने कई तेलुगु सीरियल्स में अभिनय करके घर-घर में पहचान बनाई. उनके किरदार दर्शकों को बहुत अच्छे से याद हैं। प्रिया ने सिर्फ सीरियल्स और फिल्मों तक ही सीमित नहीं रहीं, बल्कि पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस सीजन-5 में भी हिस्सा लिया. 'बिग बॉस' के घर में उन्होंने अपने असली स्वभाव और व्यक्तित्व को दर्शकों के सामने रखा। 'बिग बॉस' के बाद उन्हें और भी ज्यादा लोकप्रियता मिली. तब से वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हुए अपने व्यक्तिगत मामलों और नए प्रोजेक्ट्स को फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। 47 साल की उम्र में प्रिया अपनी सुंदरता और फिटनेस की वजह से युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

### भोजपुरी

## संभावना सेठ का मजाक उड़ाने वालों को करारा जवाब



संभावना सेठ अपने बेबाक और बिंदास अंदाज के लिए मशहूर हैं। एक समय पर भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री का पॉपुलर चेहरा रहीं संभावना सेठ अब व्लॉगर भी हैं और सोशल मीडिया पर तस्वीरें भी शेयर करती रहती हैं। हाल ही वह पति के साथ घूमने गईं और वेकेशन से प्यारी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों पर फैंस प्यार तो लुटा रहे हैं, पर इससे ज्यादा उनके कैप्शन की चर्चा हो रही है। संभावना सेठ ने काले रंग की ड्रेस में कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इनमें वह पति अविनाश द्विवेदी के साथ रोमांटिक पोज देती नजर आ रही हैं। साथ में लिखा है, 'ये लो प्यार।' जहां फैंस ने संभावना के इस अंदाज की तारीफ की हैं, वहीं कुछ यूजर्स को लगा कि वह ताना मार रही हैं। उन्होंने एक्ट्रेस को ऐसा न करने की सलाह देनी शुरू कर दी। संभावना सेठ ने इससे पहले अपनी कुछ और तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उन्होंने पीले रंग की खूबसूरत ड्रेस पहनी है। लेकिन इस पर एक्ट्रेस का मजाक उड़ाया जाने लगा। यह देख संभावना ने तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'यही कपड़े पहनके स्विमिंग पूल में जाना था ना...अगली बार ध्यान रखूंगी।' संभावना इन तस्वीरों में गजब की खूबसूरत लग रही थीं, पर यूजर्स का ध्यान उनसे ज्यादा उनके कैप्शन पर अटक गया। एक ने कमेंट किया, 'तस्वीरों से ज्यादा तो मुझे कैप्शन मजेदार लगा। सीधा मुंह पर जवाब।' एक और कमेंट है, 'आजकल आपके कैप्शन एकदम फायर हैं।' एक ने लिखा, 'इसे कहते हैं ट्रोलर को रैप्चिक चांटा।' एक बोला, 'ओह गॉड, हेटर्स के मुंह पर बारह वाला थप्पड़।' संभावना सेठ के करियर की बात करें, तो उन्होंने शुरुआत भोजपुरी सिनेमा से की थी, जहां उन्होंने फिल्मों में खूब आइटम नंबर किए। वह 'कमर जब नचकेला' और 'लहंगा में वायरस' जैसे आइटम सॉन्ग्स में दिखीं। संभावना ने कई हिंदी टीवी शोज और रियलिटी शोज में भी काम किया। आज वह इवेंट्स, भोजपुरी फिल्मों और यूट्यूब से खूब कमा रही हैं। मुंबई में उनके चार घर हैं, जिनकी कीमत करोड़ों में है।

## लाइफ स्टाइल

### ब्लैक गाउन पहन दिए किलर पोज



भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह की नई फोटो ने फैंस का दिल जीत लिया है। उसने ब्लैक कलर की थाई हाई स्लिट गाउन पहन रखी है। ब्लैक गाउन के साथ एक्ट्रेस ने बालों का स्टाइलिश लुक दिया है। साथ ही सटल मेकअप किया है। अपने इस लुक को डायमंड ज्वेलरी के साथ कंप्लीट किया है।

## नौकरी के लिए इंटरव्यू देने जा रहे हैं तो ड्रेस से दिखें स्मार्ट व आत्मविश्वासी



नौकरी का इंटरव्यू जीवन का एक अहम पड़ाव होता है और इस दौरान आपका पहनावा आपकी पहली छाप तय कर सकता है। सही कपड़े पहनकर आप न केवल पेशेवर दिख सकते हैं, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ा सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फैशन टिप्स देंगे, जो आपको अपने इंटरव्यू के लिए सही कपड़े चुनने में मदद करेंगे। ये टिप्स आपको एक प्रोफेशनल लुक भी देंगे। इनको अपनाकर आप अपने इंटरव्यू में सबसे अच्छे दिखेंगे।

**महिलाएं साड़ी या फॉर्मल पैंटसूट चुनें :** महिलाओं के लिए साड़ी या पैंटसूट, दोनों ही अच्छे विकल्प हो सकते हैं। साड़ी एक पारंपरिक और ऑफिस के लिए उपयुक्त लुक देती है, जबकि पैंटसूट आरामदायक और स्टाइलिश दिखाता है। अगर आप साड़ी चुनती हैं तो हल्के रंग और साधारण डिजाइन वाली साड़ी चुनें, ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे। पैंटसूट के लिए नेवी ब्लू या ग्रे जैसे गहरे रंगों का चुनाव करें, जिनमें आप एलेगेंट, स्मार्ट और पेशेवर नजर आएंगी।

**पुरुष ब्लेजर और फॉर्मल शर्ट का मेल अपनाएं :** पुरुषों के लिए इंटरव्यू में ब्लेजर और फॉर्मल शर्ट पहनना सबसे अच्छा रहता है। नेवी ब्लू या ग्रे ब्लेजर के साथ सफेद या हल्के रंग की शर्ट पहनें। इसके अलावा, टाई पहनना न भूलें, जिससे आपका लुक पूरी तरह पेशेवर लगेगा। पैंट हमेशा साफ-सुथरी और प्रेस की हुई होनी चाहिए। जूते भी फॉर्मल होने चाहिए, जिससे आप पूरे दिन आरामदायक महसूस करें और पेशेवर दिखें। आप ब्लेजर की जगह पर वेस्ट भी पहन सकते हैं।

### साधारण एक्सेसरीज पहनें

इंटरव्यू के लिए साधारण एक्सेसरीज का ही चयन करें, ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे। महिलाएं छोटी बालियां और एक साधारण नेकलेस पहन सकती हैं, जो बिना ज्यादा ध्यान खींचे उन्हें सुंदर दिखाएगा। पुरुषों के लिए घड़ी पहनना अच्छा रहता है, क्योंकि यह पेशेवर दिखती है और समय की पाबंदी को दर्शाती है। एक्सेसरीज चुनते करते समय ध्यान रखें कि वे आपके कपड़ों के साथ मेल खाती हों और ज्यादा चटख न हों।

### हेयरस्टाइल पर ध्यान दें

हेयरस्टाइल भी आपकी पेशेवर छवि को प्रभावित कर सकती है, इसलिए बालों को सही तरीके से सेट करें। महिलाओं के लिए बालों को खुला रखना या जूड़ा व चोटी बनाना सही रहता है। हालांकि, ध्यान रहे कि बाल उलझे और बिखरे हुए न हों। पुरुषों को अपने बालों को सही तरीके से कटवाकर रखना चाहिए, ताकि वे पेशेवर दिखें। साथ ही उन्हें अपने बालों पर जेल लगाकर उन्हें जगह पर रखना चाहिए और दाढ़ी को भी सेट करवाना चाहिए।

## रक्षाबंधन के दिन पहनें ऐसे शानदार आउटफिट, भाई भी करेंगे जमकर तारीफ



फैशन

अगले माह 9 अगस्त को वह त्योहार मनाया जाएगा, जिसका सभी भाई-बहन सालभर इंतजार करते हैं। हम बात कर रहे हैं रक्षाबंधन की, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भाइयों की कलाई पर राखी का पवित्र धागा बांधने से उनकी आयु लंबी होती है और वे हमेशा स्वस्थ रहते हैं। यह पर्व सभी बहनों के लिए सजने-संवरने का अच्छा मौका होता है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको रक्षाबंधन के लिए ऐस आउटफिट बताएंगे जिसे देखकर आपके भाई और भाभी भी जमकर तारीफ करेंगे।

**शार्ट कुर्ती और जींस :** इन दिनों पारंपरिक परिधान के रूप में शार्ट कुर्ती हर महिला का पसंदीदा बना हुआ है। आप रक्षाबंधन के मौके पर बैकलेस शार्ट कुर्ती पहन सकती हैं, जिसके पिछले हिस्से में डोरियां लगी हों। इसके अलावा, आज कल महिलाएं कोर्सेट वाली शार्ट कुर्तियां भी खूब पसंद कर रही हैं, जो कमर को कसने का काम करती हैं। आप अपनी पसंद की प्रिंटेड शार्ट कुर्ती को डेनिम जींस के साथ पेयर करके सबसे सुंदर नजर आएंगी।

**पेंसिल स्कर्ट और ब्लॉउज :** अगर आपको इस रक्षाबंधन पर पूरी तरह पारंपरिक कपड़े पहनने का मन नहीं है तो यह विकल्प आपके लिए ही है। आप पारंपरिक या बोहो प्रिंट वाली पेंसिल स्कर्ट चुन सकती हैं, जिसके एक तरफ छोटा-सा स्लिट हो। इसके साथ स्लीवलेस ब्लॉउज स्टाइल करें, जिसपर कोई सुंदर-सा डिजाइन बना हो। इस तरह के लुक के साथ बड़े झुमके और चोकर वाला हार शानदार लगेगा। पैरों में हील वाली सैंडल या फिर कोल्हापुरी चप्पल स्टाइल करें।

**कुर्ती और लहंगा स्कर्ट :** त्योहारों पर लहंगा तो सभी महिलाएं पहनती हैं, लेकिन आपको अलग दिखने के लिए कुछ हटके पहनना चाहिए। इसके लिए आप अपने लहंगे की स्कर्ट को अलग तरह से स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लहंगा दोबारा इस्तेमाल भी हो जाएगा और सभी को लगेगा की वह नया है। लहंगे की स्कर्ट के ऊपर कोई सुंदर कढ़ाई वाली कुर्ती पहन लें। अगर कुर्ती पेप्लम, अंगरखा या शर्ट स्टाइल की होगी तो लुक और भी शानदार लगेगा।

**बनारसी साड़ी :** जो महिलाएं शादीशुदा हैं या जिनकी सगाई हो चुकी है वे रक्षाबंधन पर बनारसी साड़ी पहन सकती हैं। ये वाराणसी की पारंपरिक साड़ियां होती हैं, जो सिल्क के कपड़े से बनाई जाती हैं। इस तरह की साड़ी पर मोटा डिजाइनर बॉर्डर होता है और यह बिलकुल शाही लुक प्रदान करती है। बनारसी साड़ी त्योहार के सार को भी व्यक्त करेगी, क्योंकि यह पूरी तरह से पारंपरिक लुक दे सकती है।

## सबसे अलग स्टाइलिश दिखने कॉलेज के लिए लड़कियां ट्राई कर सकती हैं ये पोशाक



कॉलेज का समय न केवल पढ़ाई बल्कि अपनी पहचान बनाने का भी होता है। इस दौरान सही कपड़े चुनना बहुत जरूरी है ताकि आप स्टाइलिश और आरामदायक महसूस करें। यहां हम आपको ऐसे कपड़ों के बारे में बताएंगे, जो न केवल फैशनेबल हैं बल्कि आरामदायक भी हैं। इन कपड़ों को पहनकर आप पूरे दिन आत्मविश्वास से भरी रहेंगी और हर मौके पर सबसे अलग दिखेंगी। इन पोशाकों से आप अपने व्यक्तिगत अंदाज को भी उजागर कर सकती हैं।

**जींस और टॉप का मेल :** जींस और टॉप का मेल हमेशा से ही एक बेहतरीन विकल्प रहा है। आप अपनी पसंदीदा जींस के साथ एक प्लेन या फिर प्रिंटेड टॉप पहन सकती हैं। यह लुक न केवल आरामदायक है बल्कि स्टाइलिश भी दिखता है। अगर आप कुछ अलग करना चाहती हैं तो आप वन शॉल्डर टॉप या फिर हाईनेक टॉप आजमा सकती हैं। इसके साथ आरामदायक जूते पहनकर आप पूरे दिन सहज महसूस करेंगी।

### कुर्ती और लेगिंग्स

अगर आप पारंपरिक लुक पसंद करती हैं तो कुर्ती और लेगिंग्स का मेल आपके लिए अच्छा रहेगा। यह पोशाक न केवल आरामदायक है बल्कि आपको एक खास अंदाज भी देती है। आप अलग-अलग रंगों और डिजाइन की कुर्तियों के साथ मेल खाते या विपरीत रंग की लेगिंग्स पहन सकती हैं। इसके साथ हल्की एक्सेसरीज और बेल्ट पहनकर आप अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं। यह लुक कॉलेज के किसी भी अवसर के लिए उपयुक्त है।

### स्कर्ट और टी-शर्ट

स्कर्ट और टी-शर्ट का मेल भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आप अपनी पसंदीदा स्कर्ट के साथ एक प्लेन या प्रिंटेड टी-शर्ट पहन सकती हैं। यह लुक न केवल आरामदायक है बल्कि स्टाइलिश भी दिखता है। इसके साथ आरामदायक जूते पहनकर आप पूरे दिन सहज महसूस करेंगी।

## परफ्यूम लगाते समय न करें ऐसी गलतियां जिससे बिगड़ सकता है पूरा लुक



परफ्यूम सिर्फ एक खुशबू नहीं, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व को भी दर्शाता है। सही तरीके से परफ्यूम लगाना बहुत जरूरी है ताकि आप दिनभर तरोताजा महसूस करें और आपकी खुशबू भी बरकरार रहे। हालांकि, कई लोग परफ्यूम लगाते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर देते हैं, जिनसे उन्हें सही फायदा नहीं मिल पाता है। इस लेख में हम कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में जानेंगे, जिनसे आपको बचना चाहिए ताकि आप परफ्यूम का सही इस्तेमाल कर सकें।

**परफ्यूम को सीधे धूप में रखना :** कई लोग अपने परफ्यूम को सीधे धूप में रखते हैं, जिससे उसकी गुणवत्ता खराब हो सकती है। धूप और गर्मी से परफ्यूम के तत्व बिगड़ जाते हैं और उसकी खुशबू बदल जाती है। इसलिए इसे हमेशा ठंडी, सूखी और अंधेरी जगह पर रखें। इससे आपका परफ्यूम लंबे समय तक सही बना रहेगा और उसकी खुशबू भी बरकरार रहेगी, जिससे आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करेंगे।

**कपड़ों पर परफ्यूम छिड़कना :** कपड़ों पर परफ्यूम छिड़कना एक आम गलती है, जिसे कई लोग करते हैं। कपड़ों पर परफ्यूम छिड़कने से वह जल्दी ही धूल-मिट्टी और अन्य तत्वों से गंदे हो जाते हैं और उनकी खुशबू भी खराब हो जाती है। इसके अलावा कपड़ों पर परफ्यूम के दाग भी पड़ सकते हैं। इसलिए हमेशा परफ्यूम को सीधे अपनी त्वचा पर ही लगाएं ताकि उसकी खुशबू लंबे समय तक बनी रहे और आपको किसी तरह की परेशानी न हो।

**ज्यादा परफ्यूम लगाना :** ज्यादा परफ्यूम लगाना भी एक बड़ी गलती हो सकती है। कई लोग सोचते हैं कि ज्यादा परफ्यूम लगाने से उनकी खुशबू ज्यादा देर तक रहेगी, लेकिन ऐसा नहीं होता। ज्यादा परफ्यूम लगाने से कभी-कभी सिरदर्द या एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए हमेशा जरूरत भर ही परफ्यूम लगाएं ताकि आपको किसी तरह की परेशानी न हो और आपकी खुशबू भी बनी रहे।

### कार्नर न्यूज

### घर पर मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा

अगस्त महीना लगने के साथ ही त्यौहारों की शुरूआत हो जाएगी। सबसे पहले रक्षाबंधन का त्यौहार पड़ेगा जिसका सभी भाई-बहन सालभर बेसब्री से इंतजार करते हैं। इसके बाद कई छोटे-बड़े त्यौहार आएंगे जिस दौरान आपके घर पर मेहमानों का भी आना-जाना लगा रहेगा। अगर आप चाहती हैं कि इन जश्न को खास बनाना चाहते हैं तो इन टिप्स को अपनाकर अपने घर की सजावट कर सकती हैं।

## त्यौहारों का आ गया सीजन इन टिप्स का पालन करके सजाएं घर, खास बन जाएंगे त्योहार



### कागज की थालियां टांगें

अगर आपका बजट कम है तो आप कागज की थालियों से भी सजावट कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले थालियों को अलग-अलग रंगों में पेंट कर लें। अब उनपर सितारे, नग, मोती या अन्य सजावटी चीजें चिपका दें। आप थालियों के कोनों पर गोटा या लेस भी लगा सकती हैं। इन सभी थालियों को अपनी पसंद के अनुसार दीवार पर चिपका दें या धागे की मदद से टांग दें।

### टेबल पर पारंपरिक सजावट करें

रक्षाबंधन के दिन घर पर मेहमान आते हैं, जो टेबल पर बैठकर खाना खाते हैं। इसीलिए जरूरी हो जाता है कि आप अपनी टेबल को भी सजा लें। इसके लिए पारंपरिक प्रिंट वाला दुपट्टा लें और उसे लंबाई में मोड़कर टेबल के बीच में रख दें। इस कपड़े के ऊपर फूलदान, सुगंधित मोमबत्तियां, दीपक और लैंप आदि रख दें। आप चाहें तो इसपर फूलों की लड़ियां भी रख सकती हैं।

### फूलों से दीवार सजाएं

रक्षाबंधन के खास मौके पर आपको उस दीवार की सजावट जरूर करनी चाहिए, जिसके आगे बैठकर आप भाई को राखी बांधेंगी। इसके लिए आप ताजे या नकली फूलों का इस्तेमाल कर सकती हैं। सबसे पहले एक सफेद धागा लें और उसमें अपनी पसंद के फूलों को पिरोना शुरू करें। ऐसी कई लड़ियां तैयार कर लें और उन्हें दीवार पर अपनी पसंद के अनुसार लटका दें। कुछ लड़ियों को दीपक और लैंप आदि के नीचे भी रख दें।



### दीपक और फेरी लाइट लगाएं

जरूरी नहीं कि केवल दिवाली पर ही घर में दीपक जलाए जाएं। आप रक्षाबंधन के त्योहार पर भी दिये जलाकर सजावट कर सकती हैं। घर के प्रवेश द्वार, टेबल और साइड टेबल पर दीपक जलाकर रखें और उन्हें पेंट करके सजा लें। अब दीवारों और मंदिर पर फेरी लाइट लगा दें, जिनके जरिए आपका पूरा घर रोशन हो जाएगा। अगर आप चाहें तो घर के बाहर भी फेरी लाइट लगा सकती हैं।

### सुंदर बैठक या चौकी बनाएं

दीवार की सजावट करने के बाद एक सुंदर बैठक बनाएं, जिसपर बैठकर आप भाई को राखी बांधेंगी। इसके लिए आप जमीन पर गद्दा बिछा सकती हैं और उसपर पारंपरिक प्रिंट वाली चादर चढ़ा सकती हैं। इसके बाद गद्दे पर अलग-अलग रंगों वाली तकिया रखें और दीवार के दोनों तरफ पारदर्शी परदे भी लगा दें। आप गद्दे की जगह पर 2 चौकियां भी रख सकती हैं, जिसे कपड़ों से सजाया जा सकता है।